**सुविचार**

परेशानी से जो अनुभव और सीख मिलती है, वो सीख दुनिया का कोई भी स्कूल नहीं दे सकता है।

Daily

# THE PHOTON NEWS

सच के हक में...

Published from Ranchi

Ranchi ● Friday, 02 June 2023 ● Year : 01 ● Issue : 136 ● Ranchi Edition ● Page : 12 ● Price : 3 ● www.thephotonnews.com

E-Paper : epaper.thephotonnews.com




नोरा ने डांसर्स के लिए अवॉर्ड कैटेगिरी न...

08

**SHARE**

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | : | 62,428.54 |
| निफ्टी | : | 18,487.75 |

**SARAFA**

| | | |
|---|---|---|
| सोना | : | 5,725 |
| चांदी | : | 77.06 |

(नोट : सोना 22 कैरेट प्रति ग्राम)

# योजनाओं की TIMELINE बनाएं, WORK CULTURE में सुधार लाएं : CM SOREN

## सीएम हेमंत सोरेन ने जोहार परियोजना पोर्टल पर अपलोड योजनाओं की पहली समीक्षा बैठक

**PHOTON NEWS RANCHI :** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने गुरुवार को जोहार परियोजना पोर्टल पर अपलोड योजनाओं की समीक्षा की। इस मौके पर उन्होंने का कहा कि गुड गवर्नेंस के लिए जरूरी है कि योजनाएं तय समय पर पूरी हों। योजनाओं में गुणवत्ता का पूरा ख्याल रखा जाए। विशेषकर बजट में विभिन्न विभागों के लिए जो बजटीय प्रावधान किए जाते हैं, उसके अनुरूप कार्यों में गति होनी चाहिए। इसके लिए अधिकारियों को पूरी जवाबदेही और गंभीरता से कार्य करना हो। जोहार परियोजना पोर्टल पर अपलोड योजनाओं की पहली समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि इसमें कई बदलाव करने की जरूरत है। इस सिलसिले में आगे जो भी बैठक होगी, उसने मंत्रीगण भी मौजूद रहेंगे, ताकि इसकी हर स्तर पर विस्तृत समीक्षा की जा सके। मुख्यमंत्री ने विभागों के प्रधान सचिव/ सचिव को कहा कि वे हर महीने अपना शेड्यूल तय करें। इसमें कम से कम तीन से चार दिन फील्ड विजिट को शामिल करें, ताकि साइट पर उन्हें तमाम योजनाओं का जमीनी हकीकत मालूम हो और उसी हिसाब से आगे की रणनीति तय की जा सके। उन्होंने कहा कि जलापूर्ति योजनाओं के लिए जो पाइप लाइन बिछाई जा रही है उसको लेकर कई शिकायतें मिल रही हैं। जहां पाइपों की क्वालिटी को लेकर सवाल उठ रहे हैं। वहीं, उसे बिछाने में मानकों का पालन नहीं हो रहा है। इससे जलापूर्ति योजना कैसे सफल होंगी। इसे सहज समझा सकता है। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि पाइप लाइन बिछाने में किसी भी प्रकार की लापरवाही न हो। इसमें जो भी मानक तय किए गए हैं, उसका पूरा पालन किया जाना चाहिए।

सीएम ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे तमाम योजनाओं की टाइमलाइन तय करें। इसके तहत योजनाओं को लेकर डीपीआर तैयार करने, टेंडर की प्रक्रिया शुरू करने, कार्य की शुरूआत और उसके पूर्ण होने का समय निर्धारित हो। अगर योजनाओं में विलंब होता है, तो किस स्तर पर कितना विलंब हुआ, इसकी भी रूपरेखा तय होनी चाहिए। उन्होंने अधिकारियों से यह भी कहा कि वे अपनी कार्यशैली में बदलाव लाएं और पूरी जवाबदेही के साथ अपने कार्यों को सुनिश्चित करें। उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक में मुख्य सचिव सुखदेव सिंह, विकास आयुक्त अरुण कुमार सिंह, अपर मुख्य सचिव एल ख्यानगते, प्रधान मुख्य वन संरक्षक संजय श्रीवास्तव, प्रधान सचिव अविनाश कुमार, प्रधान सचिव प्रशांत कुमार सिंह, सचिव विनय कुमार चौबे, सचिव के रवि कुमार, सचिव मनीष रंजन, सचिव राजेश कुमार शर्मा, सचिव अमिताभ कौशल, सचिव सुनील कुमार, सचिव राहुल पुरवार, सचिव कृपानंद झा, सचिव प्रवीण टोप्पो, सचिव जीतेंद्र कुमार सिंह, सचिव विप्रा भाल, सचिव मनोज कुमार सहित अन्य वरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।



जोहार परियोजना पोर्टल पर अपलोड योजनाओं की समीक्षा बैठक में सीएम हेमंत सोरेन ● फोटोन न्यूज

### योजनाओं का होगा लाइव वेरिफिकेशन

जोहार परियोजना पोर्टल पर अपलोड योजनाओं की पहली समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि इसमें कई बदलाव करने की जरूरत है। सीएम हेमंत ने कहा कि योजनाएं धरातल पर उतर रही है या नहीं। योजनाओं की प्रगति किस स्तर पर है। गुणवत्ता के साथ कार्य हो रहे हैं या नहीं। इसका अब लाइव वेरिफिकेशन किया जाएगा। सूचना प्रौद्योगिकी के सहयोग से इसकी व्यवस्था की जा रही है। इसके तहत तमाम योजनाओं की साइट से उसकी प्रगति की जानकारी ली जाएगी। आप सभी अधिकारी इसके लिए अपनी तैयारी पूरी कर लें। मुख्यमंत्री ने विभागीय सचिवों को कहा कि वे अपने-अपने विभागों द्वारा संचालित योजनाओं का आकलन करते हुए उसकी विस्तृत समीक्षा करें, ताकि उसका क्रियान्वयन सही तरीके से हो और तमाम चीजें सुचारू पूर्वक आगे बढ़ सकें। दरअसल, कई योजनाएं समय पर पूरी नहीं हो पाती है। योजनाओं में विलंब से उसका लागत भी बढ़ जाता है। ऐसी स्थिति उत्पन्न नहीं हो, इसके लिए योजनाओं की लगातार निगरानी होनी चाहिए।

### जन कल्याणकारी योजनाओं पर फोकस

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार द्वारा कई जनकल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही है। लेकिन, कई बार इसमें असमानताएं देखने को मिलती है। जरूरतमंदों तक इसका लाभ नहीं पहुंच पाता है। यह किसी भी लिहाज से उचित नहीं है। तमाम अधिकारी इसे गंभीरता से लें और जनकल्याणकारी योजनाओं को जरूरतमंदों और लाभुकों तक पहुंचाने का कार्य सुनिश्चित करें। सीएम ने कहा कि राज्य सरकार की इतनी बड़ी व्यवस्था में योजनाओं के क्रियान्वयन में थोड़ी बहुत गलतियां तो होती ही रहती हैं। लेकिन, इसकी संख्या इतनी ज्यादा नहीं होनी चाहिए कि गुड गवर्नेंस पर असर पड़े। अधिकारियों को इस बात पर ध्यान देने की जरूरत है। अगर कहीं गलतियां हो रही है, उसका समाधान निकालने की दिशा में त्वरित पहल होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा संचालित कई योजनाएं कई विभागों से जुड़ी होती हैं। ऐसे में विभिन्न विभागों के बीच बेहतर तालमेल हो, ताकि उसका क्रियान्वयन बेहतर तरीके से हो सके। उन्होंने विभागीय सचिवों से कहा कि वे तमाम योजनाओं की प्रॉपर मॉनिटरिंग करें, ताकि उसमें अगर किसी प्रकार का व्यवधान या समस्या आए तो उसका समाधान निकाला जा सके। इसका यह फायदा होगा कि योजनाएं समय पर पूरी हो सकेगी।

### इन परियोजनाओं की सीएम ने की समीक्षा

सुवर्णरेखा बहुउद्देशीय परियोजना, 3x800 मेगावाट पतरातू सुपर थर्मल पावर स्टेशन के लिए संचरण योजना, साहेबगंज जिला अंतर्गत गुमानी बराज योजना, गोड्डा एवं सुंदर पहाड़ी रुरल पाइप वॉटर सप्लाई स्कीम सहित झारखंड कृषि ऋण माफी योजना, एशियन डेवलपमेंट बैंक संपोषित झारखंड अर्बन वॉटर सप्लाई इंप्रूवमेंट प्रोजेक्ट मेदिनीनगर निगम, विद्यासागर एवं जामताड़ा प्रखंड अंतर्गत सिकटिया मेगा लिफ्ट सिंचाई योजना, कांटा टोली (रांची) फ्लाईओवर निर्माण परियोजना, सरैयाहाट प्रखंड सरैयाहाट ग्रामीण जलापूर्ति योजना, बाघमारा रूरल वॉटर सप्लाई स्कीम फेज-टू, बरलंगा- नेमरा-कसमार-खैराचातर पथ निर्माण कार्य, धोबा-धोबिन-खरपोश-बेनिसागर पथ निर्माण कार्य, रांची जिला अंतर्गत नेवरी विकास विद्यालय से बूटी मोड़, कोकर चौक-कांटा टोली- नामकोम आरओबी तक पथ निर्माण कार्य, साहिबगंज जिला अंतर्गत रांगा सिमरा-हिरन-डुमील श्रीरामपुर-इलाकी भोरबंध- सिमलघाब पथ निर्माण कार्य योजनाओं सहित कई विभिन्न योजनाओं के कार्य प्रगति में तेजी एवं योजनाओं को ससमय पूर्ण करने का निर्देश मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को दिया। आपको बता दें कि उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक में 30 मई, 2023 तक जोहार परियोजना पोर्टल पर 1138 योजनाओं की जानकारी है। इसमें 931 योजनाओं का शिलान्यास हो चुका है, जबकि 207 योजनाओं को मंत्रिमंडल की स्वीकृति मिल चुकी है। वहीं, 595 योजनाओं का कार्य पूरा हो चुका है।

## BRIEF NEWS

### अब्दुल हमीद ने रांची पीआईबी में संयुक्त निदेशक का पदभार संभाला



**RANCHI :** भारतीय सूचना सेवा के अधिकारी अब्दुल हमीद ने गुरुवार को पत्र सूचना कार्यालय, रांची में संयुक्त निदेशक के रूप में पदभार ग्रहण किया। हमीद इससे पूर्व आकाशवाणी रांची में समाचार सेवा प्रभाग के प्रमुख के रूप में कार्यरत थे। भारतीय सूचना सेवा में 35 वर्ष से अधिक के कार्यकाल में हमीद ने दिल्ली, कोलकाता, गंगटोक, गुवाहाटी, इंफाल एवं रांची में सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के प्रमुख विभागों पीआईबी, आकाशवाणी, प्रकाशन विभाग, दूरदर्शन, सीबीसी में अपनी सेवाएं दी हैं।

### मधु कोड़ा सहित सात आरोपी कोर्ट में हुए पेश

**RANCHI :** मनी लॉन्ड्रिंग मामले के आरोपी पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा सहित सात गुरुवार को ईडी कोर्ट में उपस्थित हुए। मामले में ईडी की ओर से इनकम टैक्स के तत्कालीन डिप्टी डायरेक्टर डॉ प्रभा कांत की गवाही हुई। उनकी गवाही शुक्रवार को भी जारी रहेगी। मामले में पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा, विनोद कुमार सिन्हा, विकास सिन्हा, कोलकाता के कारोबारी विजय जोशी, अनिल बस्तावडे और मनोज पुनमिया अदालत के समक्ष पेश हुए।

### वायुसेना का विमान कर्नाटक में दुर्घटनाग्रस्त, पायलट सुरक्षित

**NEW DELHI :** कर्नाटक में चामराजनगर के मकाली गांव के पास गुरुवार को भारतीय वायु सेना का एक किरण ट्रेनर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। विमान में एक महिला और एक पुरुष पायलट थे, जो पूरी तरह सुरक्षित हैं। भारतीय वायुसेना ने दुर्घटना के कारणों का पता लगाने के लिए कोर्ट ऑफ इंक्वायरी का आदेश दिया है। यह दुर्घटना नियमित प्रशिक्षण उड़ान के दौरान हुई।

### एयर कमोडोर संजय चोपड़ा ने वायु सेना स्टेशन हिंडन की कमान संभाली

**NEW DELHI :** एयर मार्शल राजेश कुमार आनंद ने गुरुवार को एयर ऑफिसर इन-चार्ज एडमिनिस्ट्रेशन (एओए) का पदभार संभाल लिया। वह राष्ट्रीय रक्षा अकादमी के पूर्व छात्र हैं और उन्हें 13 जून, 1987 को भारतीय वायु सेना की प्रशासनिक शाखा में वायु यातायात नियंत्रक के रूप में नियुक्त किया गया था।

### लश्कर के दो सहयोगी गिरफ्तार, हथियार बरामद

**BARAMULLA :** बारामूला जिले के वारपोरा के क्रीरी इलाके में गुरुवार को सुरक्षाबलों ने लश्कर-ए-तैयबा आतंकी संगठन के दो सहयोगियों को नाके के दौरान गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आतंकियों से हथियारों और गोला-बारूद बरामद हुआ है। जानकारी के अनुसार एसओजी, सेना और एसएसबी की टीम ने क्रीरी इलाके में नाके के दौरान संदिग्ध रूप से घूम रहे दो व्यक्तियों को पकड़ा। सुरक्षाबलों ने जब उनकी तलाशी ली तो उनके कब्जे से दो पिस्तौल, दो पिस्टल मैगजीन और 15 जिंदा राउंड बरामद हुए।

# गुमला में पुलिस-नक्सली मुठभेड़ में 2 लाख का इनामी भाकपा माओवादी राजेश उरांव ढेर, एक राइफल बरामद

**PHOTON NEWS GUMLA :** गुमला पुलिस को गुरुवार को बड़ी सफलता मिली है। गुमला से 22 किमी दूर आंजन मरवा रोड में पुलिस ने मुठभेड़ में दो लाख रुपये के इनामी नक्सली राजेश उरांव को मार गिराया। इसके साथ ही एक राइफल बरामद की गयी है। राजेश उरांव भाकपा माओवादी का हार्डकोर उग्रवादी था, जबकि मुठभेड़ में एरिया कमांडर रंथू उरांव अपने कुछ साथियों के साथ जंगल का फायदा उठाकर भागने में सफल हा। पुलिस को नक्सलियों के संबंध में गुप्त सूचना मिली थी। इसी के आधार पर पुलिस जंगल में पहुंची और नक्सलियों से मुठभेड़ में नक्सली राजेश ढेर हो गया। जानकारी के अनुसार गुमला पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि आंजन व मरवा गांव के रास्ते पर कुछ नक्सली घूम रहे हैं। इसके बाद एसपी डॉ एहतेशाम वकारीब के नेतृत्व में पुलिस टीम नक्सलियों को पकड़ने के लिए आंजन व मरवा गांव के रास्ते जंगल में घुसी। तभी पुलिस को देखकर एक नक्सली ने फायरिंग शुरू कर दी। नक्सलियों द्वारा फायरिंग शुरू करने के बाद पुलिस ने जवाबी कार्रवाई की। इसमें पुलिस फायरिंग में नक्सली राजेश उरांव मारा गया। राजेश का घर घाघरा प्रखंड के तुंजो गांव में है। राजेश के मरते ही उसके दूसरे साथी भाग निकले। राजेश को चार गोली लगी है। बताया जा रहा है कि नक्सलियों की तरफ से 10 से 12 राउंड व पुलिस की ओर से 25 से अधिक राउंड गोली चलायी गयी है। मुठभेड़ स्थल से 315 बोर की एक राइफल भी बरामद हुई है।



नक्सली को ढेर करने के बाद पुलिस के जवान ● फोटोन न्यूज

## चाईबासा में नक्सलियों की साजिश विफल चार IED बरामद, दस्ता ने किया डिफ्यूज

**PHOTON NEWS CHAIBASA** पश्चिमी सिंहभूम जिले के टोंटो थानांतर्गत तुंबाहाका गांव के जंगल से सुरक्षा बलों ने चार आईईडी बम बरामद किया है। साथ ही लोहे का रड और तीर भी बरामद किया। नक्सलियों ने सुरक्षा बलों को टारगेट कर बम बिछाये थे। इस दौरान 50 किलोग्राम का एक, आठ किलोग्राम का दो और पांच किलोग्राम का एक विस्फोटक को वहीं बम निरोधक दस्ते ने निष्क्रिय किया। बता दें कि कोल्हान के जंगलों में नक्सलियों के खिलाफ झारखंड पुलिस और सीआरपीएफ की संयुक्त अभियान जारी है। सुरक्षा बलों को जानकारी मिली है कि इस क्षेत्र में प्रतिबंधित भाकपा माओवादी नक्सली संगठन के शीर्ष नेता मिसिर बेसरा, अनमोल, मोछू चमन, कांडे, अजय महतो, सागेन अंगरिया, अश्विन अपने दस्ता सदस्यों के साथ सक्रिय है। इसी सूचना के आधार पर सुरक्षा बल नक्सलियों के खिलाफ लगातार अभियान चला रही है। इसी दौरान गुरुवार एक जून, 2023 को टोंटो थानांतर्गत तुंबाहाका गांव के जंगल से चार आईईडी बम बरामद किया। सुरक्षा बलों को टारगेट कर बिछाये गये विस्फोटक के अलावा 11 लोहे के रड और तीर को भी बरामद किया है। बरामद विस्फोटक को बम निरोधक दस्ते ने निष्क्रिय किया।

## झारखंड में बिजली की नई दरें लागू

# महज 5 से 15 पैसे प्रति UNIT की हुई बढ़ोत्तरी

**PHOTON NEWS RANCHI :** झारखंड विद्युत नियामक आयोग ने गुरूवार को राज्य में नयी बिजली दरों का एलान किया। आयोग के कार्यालय में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में आयोग के अध्यक्ष अमिताभ गुप्ता ने नई दरों का एलना किया। इसके तहत अब ग्रामीण इलाकों में घरेलू की दर 5.80 रूपए प्रति यूनिट होगी जबकि घरेलू शहरी की दर 6.30 रूपए प्रति यूनिट होगी। इसी प्रकार घरेलू एचटी की दर 6.15 रूपए निर्धारित की गई है। आयोग ने 6.50 फीसदी टेरिफ वृद्धि को अपनी मंजूरी दी है जबकि जेबीवीएनएल ने 20 फीसदी बढ़ोत्तरी किए जाने की मांग की थी। नई टैरिफ झारखंड बिजली वितरण के उपभोक्ताओं के लिये मान्य है।

### तीन साल बाद बढ़ी बिजली दरें

पिछले तीन साल से राज्य में बिजली दरें घोषित नहीं की गयी थी। साल 2020 में कोविड महामारी को देखते हुए आयोग ने बिजली दर बढ़ोतरी का निर्णय नहीं लिया। ऐसे में साल 2019 का दर अब तक मान्य है। वहीं, साल 2020 के बाद से नियामक आयोग में अध्यक्ष और सदस्य पद खाली हो गया। जिससे बिजली दरें निर्धारण की प्रक्रिया पूरी नहीं हो पायी। जेबीवीएनएल की ओर से दिये प्रस्ताव में 20 फीसदी वृद्धि की मांग की गयी थी। प्रस्ताव में बिजली वितरण निगम ने बताया है कि निगम सालाना 7400 करोड़ रुपए के नुकसान में है। साल 2020 में ये घाटा 2200 करोड़ रुपए था। साल 2021 में 2600 करोड़, साल 2022 में 2500 करोड़ रुपए का घाटा बताया गया है।

# पहलवानों को जाति में बांट रही सरकार : राकेश टिकैत

## राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मिलेंगे खाप प्रतिनिधि

**AGENCY PANIPAT :** मुजफ्फरनगर में गुरुवार को हुई खाप पंचायत में तय किया गया कि भारतीय कुश्ती संघ के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह और रेसलर्स विवाद में खाप प्रतिनिधि राष्ट्रपति से मिलेंगे। उनसे मिलकर मामले में एक्शन न होने की शिकायत की जाएगी। खाप पंचायत में किसान नेता राकेश टिकैत ने कहा- खिलाड़ियों को सरकार के लोग जाति में बांटने की कोशिश कर रही है। हम बता दें कि इनकी जाति तिरंगा है और इनकी लड़ाई सभी समाज के लोग मिलकर लड़ रहे हैं। हम राष्ट्रपति और सरकार से मिलेंगे। खाप और रेसलर्स हारेंगे नहीं। उन्होंने बताया- बाकी फैसले 2 जून को कुरुक्षेत्र में होने वाली महापंचायत में लिए जाएंगे। पहलवान अपने मेडल गंगा में बहाने के लिए मंगलवार को हरिद्वार के हर की पौड़ी पहुंचे थे। राकेश टिकैत के बड़े भाई और भारतीय किसान यूनियन के अध्यक्ष नरेश टिकैत ने यहां पहुंचकर पहलवानों से उनके मेडल ले लिए थे। उन्होंने कहा था- पहलवान अपने मेडल बहाएं नहीं। पांच दिन में अगर एक्शन नहीं हुआ तो हम (खाप और किसान) आंदोलन करेंगे। नरेश टिकैत का पांच दिन का अल्टीमेटम रविवार को खत्म हो जाएगा। भाजपा के दिवंगत नेता गोपीनाथ मुंडे की बेटी और सांसद पंकजा मुंडे पहलवानों के समर्थन में आई हैं। उन्होंने गुरुवार को मीडिया से बात करते हुए कहा कि एक सांसद के तौर पर ही नहीं बल्कि एक महिला के तौर पर भी मेरी उन महिला खिलाड़ियों में दिलचस्पी है।

## भारत और नेपाल ने व्यापार-ऊर्जा सहित कई क्षेत्रों में सहयोग को बढ़ावा देने के लिए सात समझौतों पर किए हस्ताक्षर

# रिश्तों को हिमालय जितना ऊंचा ले जायेंगे : PM

**AGENCY NEW DELHI :** भारत और नेपाल ने व्यापार और ऊर्जा सहित कई क्षेत्रों में सहयोग को बढ़ावा देने के लिए गुरुवार को सात समझौतों पर हस्ताक्षर किए। इस दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने दोनों देशों के संबंधों को हिट बताया और कहा कि हम अपने रिश्तों को हिमालय जितनी ऊंचाई देने के लिए काम करते रहेंगे। प्रधानमंत्री मोदी ने नई दिल्ली के हैदराबाद हाउस में नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल प्रचंड से गुरुवार को मुलाकात की। इसके बाद दोनों प्रधानमंत्रियों के बीच द्विपक्षीय और प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता हुई। वार्ता के बाद दोनों नेताओं ने साझा प्रेसवार्ता को संबोधित किया। दोनों नेताओं की उपस्थिति में भारत और नेपाल के बीच समझौतों का आदान-प्रदान हुआ। दोनों नेताओं ने भारत-नेपाल के बीच विभिन्न परियोजनाओं के ग्राउंडब्रेकिंग व उद्घाटन समारोह में भाग लिया। इससे सीमा पार कनेक्टिविटी तथा लोगों, वस्तुओं और ऊर्जा की आवाजाही को बढ़ावा मिलेगा। इसमें रेलवे लाइन के कुर्था-बिजलपुरा खंड को सौंपना, बथनाहा से नेपाल सीमा शुल्क यार्ड तक एक भारतीय रेलवे कार्गो ट्रेन का उद्घाटन, नेपालगंज और रूपईडीहा में आईसीपी का उद्घाटन, भैरहवा और सोनौली में आईसीपी का ग्राउंडब्रेकिंग समारोह, मोतिहारी-अमलेखगंज पेट्रोलियम पाइपलाइन के तहत दूसरे चरण की सुविधाओं का ग्राउंडब्रेकिंग समारोह शामिल हैं।



नेपाल के प्रधानमंत्री प्रचंड के साथ पीएम नरेंद्र मोदी ● एजेंसी

## सीमा और अन्य सभी मुद्दों का समाधान करेंगे : मोदी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने संबोधन में कहा कि दोनों देश सीमा और अन्य सभी मुद्दों का समाधान करेंगे। साथ ही सांस्कृतिक, धार्मिक संबंधों को और प्रगाढ़ करने के लिए रामायण सर्किट से जुड़े प्रोजेक्ट्स में तेजी लाई जाएगी। हम भारत और नेपाल के बीच ऐसे जुड़ाव को विकसित करेंगे कि हमारे बीच की सीमाओं को बाधा नहीं बनने देंगे। दोनों देशों के बीच एक दीर्घकालिक बिजली व्यापार समझौता हुआ है। इससे अगले 10 सालों में भारत नेपाल से 10 हजार मेगावाट बिजली आयात करेगा।

उन्होंने कहा कि नौ साल पहले उन्होंने दोनों देशों के बीच हिट का फारमुला दिया था। इसका अर्थ है एचः हाईवे, आईः आई वे और टीः ट्रांसवे है। आज नेपाल के पीएम और मैंने अपनी साझेदारी को भविष्य में सुपरहिट बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण फैसले लिए हैं। ट्रांजिट समझौतों पर आज हस्ताक्षर किए गए हैं। हमने भौतिक संपर्क बढ़ाने के लिए नए रेल संपर्क स्थापित किए हैं। भारत और नेपाल के बीच आज दीर्घकालिक विद्युत व्यापार समझौता हुआ है। इससे हमारे देशों के बिजली क्षेत्र को मजबूती मिलेगी।

THE PHOTON NEWS



www.thephotonnews.com
Friday, 02 June 2023

# झारखंड के 80 विद्यालयों के नाम के साथ जुड़ेगा CM School of Excellence, विरोध तेज

## झारखंड पेरेंट्स एसोसिएशन ने नदिया हिंदू उच्च विद्यालय का नाम बदलने पर जताई आपत्ति

**PHOTON NEWS RANCHI :** झारखंड की हेमंत सरकार स्कूलों के नाम बदल रही है। इस बदलाव को लेकर विरोध तेज होने लगा है। लोहरदगा में नदिया हिंदू हाई स्कूल का नाम बदलकर डिस्ट्रिक्ट सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस कर दिया गया। रामरुद्र प्लस टू हाईस्कूल चास के भी नाम बदले जाने का विरोध हो रहा है।

झारखंड सरकार ने 80 उत्कृष्ट विद्यालयों के नाम के साथ अब सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस जोड़ने की बात की है। स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग द्वारा पिछले दिनों आदेश जारी किया गया था। शिक्षा विभाग द्वारा जारी पत्र के अनुसार, कुछ स्कूलों के नाम बदले गये हैं। झारखंड पेरेंट्स एसोसिएशन ने नदिया हिंदू उच्च विद्यालय का नाम बदले जाने पर आपत्ति जताई है।

नदिया हिन्दू उच्च विद्यालय की स्थापना आजादी से पहले सन 1931 में की गई थी। स्कूल की स्थापना घनश्याम दास बिड़ला और स्थानीय लोगों ने मिलकर की थी। इस विद्यालय में स्थापना समय से ही हिंदू-मुस्लिम एवं सभी धर्मों के लोग एक साथ आपसी भाई-चारे के साथ पढ़ते हैं। तब से इस विद्यालय का नाम नदिया हिन्दू उच्च विद्यालय रहा है। तत्कालीन बिहार सरकार ने जब स्कूल का अधिग्रहण कर इसे सरकारी विद्यालय के रूप में मान्यता दी तो नाम नहीं बदलने की शर्त पर ही विद्यालय को स्थानीय लोगों ने सरकार को सौंपा था लेकिन अब हेमंत सरकार ने राज्य में 80 स्कूलों को उत्कृष्ट विद्यालय का दर्जा दिया है।

ऐसे में इन सभी स्कूलों का पुराना नाम हटाकर मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय किया जाना है। यहां लोगों की मांग ये है कि स्कूल का नाम मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय नदिया की जगह नदिया हिन्दू मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय कर दिया जाए। इस संबंध में झारखंड पेरेंट्स एसोसिएशन का एक प्रतिनिधिमंडल शीघ्र ही मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन एवं झारखंड शिक्षा सचिव से मुलाकात करेगा। पूरे विषय वस्तु की जानकारी देते हुए विद्यालय का नाम ना बदलने का आग्रह उनसे किया जायेगा।

झारखंड पेरेंट्स एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय एवं प्रवक्ता संजय सर्राफ ने कहा है कि नदिया हिंदू उच्च विद्यालय का नाम बदले जाने के फैसले से सरकार एवं प्रशासन के खिलाफ अभिभावकों एवं आम जनता में व्यापक जन-आक्रोश है। सरकार द्वारा नदिया हिन्दू उच्च विद्यालय के नाम को बदलकर उत्कृष्ट विद्यालय की सूची में इसे डालकर इसका नाम मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय किया जाना है जो कि बिल्कुल गलत एवं दुर्भाग्यपूर्ण फैसला है।

### इन विद्यालयों के पुराने नाम में किये गये बदलाव

- आरके प्लस टू गर्ल्स हाईस्कूल गढ़वा नाम से आरके हटाया गया।
- गवर्नमेंट सीडी गर्ल्स हाईस्कूल झुमरीतिलैया नाम से सीडी हटाया।
- एसएसएलएनटी गवर्नमेंट गर्ल्स प्लस टू स्कूल धनबाद से एसएसएलएनटी हटाया गया।
- अपग्रेड प्रोजेक्ट गर्ल्स प्लस टू स्कूल नावाडीह में रामरुद्र जोड़ कर स्कूल को चास में बताया।
- एसएस गर्ल्स हाईस्कूल रामगढ़ कैंट से एसएस हटाया।
- जिला स्कूल हजारीबाग विद्यालय से जिला हटाया गया।
- पाकुड़ राज प्लस टू स्कूल से राज शब्द हटाया गया।
- गवर्नमेंट नदिया हिंदू हाई स्कूल लोहरदगा से हिंदू शब्द हटाया गया।
- रामरुद्र प्लस टू हाईस्कूल चास से रामरुद्र शब्द हटा कर शुरू में एलएनटी जोड़ा गया।
- झारखंड पेरेंट्स एसोसिएशन ने इस फैसले की निंदा की है।

## बिहार के मंत्री और झारखंड जदयू के प्रभारी अशोक चौधरी आज आएंगे रांची



**PHOTON NEWS RANCHI :** बिहार सरकार के भवन निर्माण मंत्री और झारखंड जदयू के प्रभारी डॉ. अशोक चौधरी दो जून को सेवा विमान से पटना से रांची आएंगे। वे तीन दिवसीय दौरे पर झारखंड आ रहे हैं। इस दौरान वे स्थानीय कार्यक्रमों में शामिल होंगे।

प्रदेश प्रवक्ता सागर कुमार ने गुरुवार को बताया कि एयरपोर्ट पर जदयू नेता उनका स्वागत करेंगे। चौधरी तीन जून को पश्चिमी सिंहभूम (चाईबासा) में कार्यकर्ता सम्मेलन में भाग लेंगे। वहां से पूर्वी सिंहभूम के लिए रवाना होंगे और स्थानीय कार्यकताओं से मुलाकात करेंगे। वे चार जून को पार्टी के पूर्वी सिंहभूम जिला कार्यकर्ता सम्मेलन में भाग लेंगे। इसके बाद जिला सरायकेला-खरसावां में कार्यकर्ता सम्मेलन में भाग लेंगे। पांच जून को वे पटना लौट जायेंगे। उनके साथ प्रदेश जदयू अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद खीरू महतो भी कार्यकर्ता सम्मेलन में शामिल होंगे।

## अलग राज्य बनते ही होते रहे हैं घोटाले : मरांडी



**PHOTON NEWS RANCHI :** भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी ने कहा कि राज्य अलग बनने के बाद से ही राज्य में घोटाले होते रहे हैं। ऐसा नहीं है कि वर्तमान हेमंत सोरेन सरकार के साढ़े तीन वर्षों के कार्यकाल में ही घोटाले हुए हैं।

बाबूलाल मरांडी ने गुरुवार को प्रेस वक्तव्य जारी कर कहा कि राज्य में पूर्व की सरकारों की तुलना में अभी फर्क यह है कि यदि ऐसे घोटाले या भ्रष्टाचार के मामले सरकार के संज्ञान में आते थे, तो तुरन्त कार्रवाई होती थी लेकिन आज ऐसा नहीं हो रहा है। अब तो ऐसे भ्रष्ट लोगों के पकड़े जाने के बाद भी राज्य सरकार कार्रवाई के नाम पर केवल दिखावा कर रही है।

उन्होंने कहा कि अब घोटाले दर घोटाले उजागर हो रहे हैं तो राज्य सरकार इन भ्रष्टाचारियों पर कार्रवाई करने के बदले इन्हें बचाने के लिए रांची से दिल्ली तक सरकारी खर्च पर इन्हें महंगे वकीलों की सेवा दिलवा रही है। जांच में मिले सबूतों के आधार पर जिन लोगों पर सरकार को मुकदमा करना चाहिए, ऐसा न कर फाइलों को इधर-उधर घुमाकर टाल रही है।

### लव जिहादियों को झारखंड पुलिस का डर नहीं

**RAMGARH :** शहर के सौदागर मोहल्ला में एक हिंदू लड़की से जबरन दोस्ती करने के लिए उसकी गर्दन पर चाकू रखने के मामले ने राजनीतिक रूप ले लिया है। सूबे के पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने गुरुवार को कहा कि लव जिहादियों को झारखंड पुलिस प्रशासन का डर बिल्कुल भी नहीं है। वह बेखौफ होकर वारदातों को अंजाम दे रहे हैं। साथ ही उन्होंने झारखंड के डीजीपी से आग्रह किया है कि ऐसे गंभीर मामले को संरक्षण देने वाले लोगों पर भी कार्रवाई होनी चाहिए। मरांडी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म फेसबुक पर लिखा है कि झारखंड में लव जिहादियों की हिम्मत काफी बढ़ गई है। सजा काट के आने के बाद भी उनके अंदर ना तो प्रशासन का डर है और ना ही फिर से पकड़े जाने का डर। उन्होंने कहा कि 14 जनवरी को जब अरमान खान नामक युवक ने लव जिहाद में रामगढ़ की ममता की निर्मम हत्या कर दी थी तब आरजू ने ममता की बहन को जान से मारने की धमकी दी थी। उस मामले में आरजू की गिरफ्तारी हुई और वह जेल गया। जेल से निकल कर उसने फिर एक लड़की पर जबरन दोस्ती करने का दबाव बनाया। आठ अन्य अपराधियों के साथ मिलकर वह उसके घर में घुसा और उसे जान से मारने का प्रयास किया। बाबूलाल मरांडी ने कहा है कि राज्य में ऐसी वारदातें अप्रत्याशित रूप से बढ़ी हुई हैं। अभी गिरिडीह का मामला शांत भी नहीं हुआ था कि रामगढ़ में ऐसा दुस्साहस हुआ है। उन्होंने इस प्रकरण में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को भी कटघरे में खड़ा किया है। साथ ही कहा कि केरला स्टोरी भले एक काल्पनिक फिल्म मात्र लगती हो लेकिन झारखंड में बड़े पैमाने पर ऐसा षड्यंत्र चल रहा है। इसे रोकने की दिशा में पहल होनी चाहिए।

## नमो क्रिकेट कैंप का सांसद और विधायक ने किया उद्घाटन



बच्चों के साथ सांसद संजय सेठ व विधायक समरी लाल। ● द फोटोन न्यूज

**PHOTON NEWS RANCHI :** नमो क्रिकेट कैंप का उद्घाटन गुरुवार को रांची के सांसद संजय सेठ और कांके के विधायक समरी लाल ने किया। सांसद ने कहा कि गर्मी की छुट्टी में बच्चों को बेहतर प्रशिक्षण का लाभ मिले। साथ ही गर्मी छुट्टी में बच्चों के समय का सदुपयोग हो सके, इसी सोच के साथ कैंप का आयोजन किया गया है।

उन्होंने कहा कि रांची में प्रतिभा की कमी नहीं है जरूरत है उसे मौका देने की। आज के समय में खेल का महत्व शहर से गांव तक बढ़ा है। गांव के बच्चे सुविधा के अभाव में अपनी प्रतिभा नहीं दिखा पाते हैं। गांव के बच्चों को भी शहर जैसी सुविधा मिले। इसके लिए गांव में भी आने वाले समय में प्रशिक्षण कैंप का आयोजन किया जाएगा। संयोजक संजय पोद्दार ने बताया कि नमो क्रिकेट कैंप 10 जून तक शारदा ग्लोबल स्कूल बुकरू (कांके) में चलेगा। यह कैंप बिहार- झारखंड के भूतपूर्व रणजी खिलाड़ी प्रदीप खन्ना के मार्गदर्शन में संपन्न होगा। यहां बच्चों को क्रिकेट के बेहतर गुर सिखाया जाएंगे। इस क्रिकेट कैंप में नवोदित अंडर 17 क्रिकेटरों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस प्रशिक्षण शिविर में रांची के विभिन्न स्कूलों के 50 बच्चों का चयन किया गया है। प्रशिक्षण में भाग लेने वाले खिलाड़ियों की उम्र सीमा 15 से 17 वर्ष निर्धारित की गई है। प्रशिक्षण शिविर सुबह सात बजे से 12 बजे तक आयोजित की जाएगी।

## भाजपा की राष्ट्रीय मंत्री डॉ आशा लकड़ा की माता का निधन



**RANCHI :** रांची रिम्स में इलाजरत भाजपा की राष्ट्रीय मंत्री डॉ आशा लकड़ा की माता वीणा देवी का बुधवार रात करीब दो बजे निधन हो गया। जानकारी के अनुसार अंतिम संस्कार गुमला के कोटाम स्थित पैतृक गांव चुहरू में किया जाएगा। उनके निधन पर भाजपा सहित अन्य दलों के कई नेताओं ने शोक जताया है।

## लोहरदगा में CM कृषि ऋण माफी योजना की समीक्षा



बैठक में डीसी वाघमारे प्रसाद कृष्ण व अन्य अधिकारी। ● द फोटोन न्यूज

**PHOTON NEWS LOHARDAGA :** डीसी वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में आज मुख्यमंत्री कृषि ऋण माफी योजना की समीक्षा की गई। इसके अंतर्गत छुटे हुए किसानों, जिनका ई-केवाईसी लंबित है, उनका ई-केवाईसी दिनांक 15 जून तक पूर्ण कराने का निर्देश जिला कृषि पदाधिकारी, लोहरदगा व एलडीएम, लोहरदगा को दिया गया।

प्रखंडों के लंबित ई-केवाईसी के लिए सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को प्रतिदिन छूटे हुए योग्य किसानों का ई-केवाईसी कराये जाने का निर्देश दिया गया। साथ ही अपर समाहर्ता को इसकी सतत मॉनिटरिंग करने का निर्देश दिया गया। बैठक में अपर समाहर्ता सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

## रांची के श्री भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति केंद्र के नये भवन का उद्घाटन

# दिव्यांगों में प्रतिभा की कोई कमी नहीं, उनकी क्षमता को पहचान कर प्रेरित करें : राज्यपाल



श्री भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति केंद्र के नये भवन का उद्घाटन करते राज्यपाल। ● द फोटोन न्यूज



विकलांग बच्चे से बातचीत करते राज्यपाल, संजीय विजयवर्गीय व अन्य। ● द फोटोन न्यूज

**PHOTON NEWS RANCHI :** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने कहा कि प्रतिभा की कोई सीमा नहीं होती। यह शारीरिक और मानसिक सीमाओं से परे है। वास्तव में कई दिव्यांग व्यक्तियों ने विभिन्न क्षेत्रों में असाधारण कौशल और उपलब्धियों को प्रदर्शित किया है। दिव्यांगों में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है। हमें उनमें निहित अद्वितीय क्षमताओं को पहचान कर उनके अनुरूप कार्य करने के लिए उन्हें प्रेरित करना चाहिए।

राज्यपाल गुरुवार को रांची के श्री भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति केंद्र के नये भवन का उद्घाटन के दौरान बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि हमारे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सर्वप्रथम 'दिव्यांग' शब्द के उपयोग का सुझाव दिया था। हम इस पहल के लिए प्रधानमंत्री के आभारी हैं। उन्होंने दिव्यांगों को सशक्त बनाने के लिए कई पहल की हैं। हमारे प्रधानमंत्री दिव्यांग व्यक्तियों को सशक्त बनाने के लिए दृढ़ता से प्रतिबद्ध हैं।

राज्यपाल ने कहा कि दिव्यांगों ने रूढ़िवादिता को तोड़ते हुए खेल से लेकर कला, शिक्षा से लेकर उद्यमिता तक में अपनी क्षमता साबित की है। हमने पैरालंपिक में एथलीटों द्वारा उल्लेखनीय प्रदर्शन को देखा है। उनके दृढ़ संकल्प और अद्वितीय कौशल ने दुनिया भर में लाखों लोगों को प्रेरित किया है। साथ ही कला और संस्कृति के क्षेत्र में भी दिव्यांगजनों ने महत्वपूर्ण योगदान दिया है। पेंटिंग, मूर्तिकला, संगीत, नृत्य या कविता के माध्यम से उनकी रचनात्मक प्रतिभा की उत्कृष्टता का प्रदर्शन किया है। राज्यपाल ने सहायता समिति के कार्यों की सराहना भी की। इस अवसर पर पूर्व राज्यसभा सांसद महेश पोद्दार, सांसद संजय सेठ और विधायक समरी लाल, संजीव विजयवर्गीय सहित कई लोग मौजूद थे।

## BRIEF NEWS

### प्यासे को पानी पिलाना बड़ा ही पुण्य का कार्य : सुधा सिंह



**BHURKUNDA :** सीसीएल भुरकुंडा हॉस्पीटल में अर्पिता महिला मंडल रांची के तत्वाधान में संगिनी महिला समिति बरका-सयाल ने गुरूवार को शुद्ध पेयजल प्याउ का उदघाटन किया। इसका उदघाटन समिति की अध्यक्ष सह बरका-सयाल जीएम अजय सिंह की पत्नी सुधा सिंह ने लोगो को गुड और पानी पिलाकर किया। इस अवसर पर समिति की अध्यक्ष सुधा सिंह ने कहा कि प्यासे को पानी पिलाना बड़ा ही पूण्य का कार्य है। बढ़ती गर्मी को देखते हुए हॉस्पीटल परिसर मे शुद्ध पेयजल प्याउ का उद्घाटन किया गया है। ताकि हॉस्पीटल में आने वाले मरीज और उनके परिजनो को इस गर्मी मे शुद्ध पेयजल पीने के लिये मिल सके। बताया गया कि यह प्याउ दो माह तक चलेगा। मौके पर संगिनी महिला समिति की सदस्य सुनीता त्यागी, कुमकुम शुक्ला, परोमिता गुप्ता, रिंकू सिंह, सुधा कुमारी, डॉ एचके सिंह, डॉ. नदीम अनवर, आरके वर्णवाल, मीना कुजूर, सतीश कुजूर, ललन प्रसाद, फारूख रजा सहित अस्पताल के तमाम कर्मी मौजूद थें।

### मुख्यमंत्री से मिले सेल के अध्यक्ष



**RANCHI :** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से गुरुवार को झारखंड मंत्रालय में स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) के अध्यक्ष अमरेंदु प्रकाश ने मुलाकात की। मुख्यमंत्री से यह उनकी शिष्टाचार भेंट थी।

### मुख्यमंत्री से मिला झारखंड पुलिस एसोसिएशन का प्रतिनिधिमंडल, जताया आभार



**RANCHI :** कैबिनेट की बैठक में राज्य सरकार के झारखंड राज्य पुलिस अवर निरीक्षक सीमित विभागीय प्रतियोगिता परीक्षा नियुक्ति नियमावली (भर्ती पद्धति), 2016 को निरस्त किये जाने के निर्णय को लेकर झारखंड पुलिस एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल ने गुरुवार को मुख्यमंत्री से मिलकर उनके प्रति आभार जताया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि हमारी सरकार ने पुलिसकर्मियों के कई समस्याओं का निराकरण करने का काम किया है। राज्य पुलिस कर्मियों की मांगों पर उचित निर्णय लेते हुए पुलिस कर्मियों का मनोबल बढ़ाने का काम हमारी सरकार कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आम जनता के साथ-साथ राज्य सरकार के कर्मियों के भी चेहरे पर मुस्कान हो, यह हमारी सरकार की सोच है। आने वाले समय में भी राज्य हित एवं जनहित से संबंधित कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए जाएंगे। झारखंड पुलिस एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल में शामिल पुलिस पदाधिकारी एवं पुलिसकर्मियों ने संयुक्त रूप से मुख्यमंत्री के समक्ष कहा कि कैबिनेट की बैठक में राज्य पुलिस अवर निरीक्षक सीमित विभागीय प्रतियोगिता परीक्षा नियुक्ति नियमावली (भर्ती पद्धति), 2016 निरस्त किए जाने के फैसले से तमाम पुलिसकर्मी काफी खुश हैं। इस निर्णय से 1200 पुलिस कर्मियों का प्रोन्नति का रास्ता साफ हो गया है। प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री का आभार जताते हुए कहा कि वर्तमान राज्य सरकार ने पुलिसकर्मियों को क्षतिपूर्ति अवकाश एवं पुरानी पेंशन की सौगात दी है। प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री को आगामी 15 तारीख को आयोजित होने वाले पुलिस महाधिवेशन में सम्मिलित होने के लिए सादर आमंत्रित किया। झारखंड पुलिस एसोसिएशन के अध्यक्ष योगेंद्र सिंह, महामंत्री अक्षय राम, उपाध्यक्ष अखिलेश्वर पांडे, अरविंद यादव सहित बड़ी संख्या में पुलिस पदाधिकारी एवं पुलिस कर्मी उपस्थित थे।

### गिरिडीह लोकसभा सीट से 2024 में आजसू चुनाव लड़ेगी : सांसद

**GIRIDIH :** गिरिडीह के सांसद और आजसू नेता चन्द्रप्रकाश चौधरी ने कहा कि गिरिडीह लोस सीट से 2024 में आजसू चुनाव लड़ेगी। चौधरी गुरुवार को पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। सांसद ने कहा कि किसी भाजपा नेता और कार्यकर्ता में उनके कार्यकाल को लेकर कोई नाराजगी नहीं है। और भाजपा के सहारे ही आजसू आने वाले लोस चुनाव में अपना दावेदारी पेश करेगी और जीतेगी। सांसद ने दावा करते हुए कहा कि इस सीट से अब किसी और का दावेदारी पेश नहीं होगी।

### केंद्र राज्य की भौगोलिक स्थिति के आधार पर दे सुविधा और लक्ष्य : कृषि मंत्री

**RANCHI :** विश्व दुग्ध दिवस पर गुरुवार को श्रीनगर में केंद्रीय मंत्री मत्स्य पालन पशुपालन एवं डेयरी पुरुषोत्तम रूपाला की अध्यक्षता में बैठक हुई, यह बैठक शेर ए कश्मीर इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर जम्मू कश्मीर में हुई। बैठक में लेफ्टिनेंट जनरल मनोज सिन्हा भी मौजूद थे। बैठक में राज्य कृषि पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री बादल एवं विभागीय सचिव अबू बकर सिद्दीक मौजूद और देश के विभिन्न राज्यों से मंत्री पहुंचे थे। बादल ने कहा कि केंद्र सरकार राष्ट्रीय स्तर पर लक्ष्य तय करें। दुग्ध उत्पादन सहित अन्य योजनाओं के लिए और देश के विभिन्न राज्यों को भी वहां के भौगोलिक क्षेत्र के आधार पर एक लक्ष्य दें, जिससे हम बेहतर कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि किसान क्रेडिट कार्ड की स्थिति बहुत ही खराब है। बैंकों के द्वारा सपोर्ट नहीं किया जाता है, इसे लेकर केंद्र सरकार को सहयोग करने की आवश्यकता है। बादल ने कहा कि झारखंड में प्रति व्यक्ति 200 ग्राम दुग्ध उत्पादन होता है, जो काफी कम है। उन्होंने केंद्रीय मंत्री से कहा कि कि हमें केंद्र सरकार का सहयोग चाहिए। उन्होंने कहा कि बिहार से झारखंड को अलग हुए दो दशक से ज्यादा हो गए हैं ,लेकिन आज तक सुधा के तीन डेरी प्लांट का स्वामित्व झारखंड को नहीं मिला है। बिहार के किसानों का दूध आज भी यहां के डेरी प्लांट में आता है। बादल ने कहा कि आप दोनों राज्यों के बीच चल रहे इस मामले को सुलझाने का कार्य करें । बादल ने कहा कि 2014 में हेमंत सोरेन जी की सरकार में एनडीडीवी से एमओयू किया था, जो 2024 तक है।

# YBN UNIVERSITY में हंगामा करने वाले 13 छात्रों को भेजा गया जेल

## फार्मेसी की परीक्षा के दौरान किया था जमकर बवाल, की थी तोड़फोड

**CRIME REPORTER RANCHI :** बुधवार को वाईबीएन यूनिवर्सिटी राजाउलातू में छात्रों ने जमकर हंगामा किया था। इस दौरान उत्पात मचाते हुए छात्रों ने यूनिवर्सिटी परिसर में काफी तोड़फोड़ की थी। जिसके बाद पुलिस ने सख्ती दिखाते हुए 13 छात्रों को हिरासत में लिया था। हिरासत में लिए गए सभी 13 छात्रों को गुरुवार को पुलिस ने जेल भेज दिया।

**20 मिनट तक की पत्थरबाजी**

बुधवार को वाईबीएन यूनिवर्सिटी में डिप्लोमा इन फामेर्सी की परीक्षा दे रहे छात्रों ने जमकर हंगामा किया। यूनिवर्सिटी परिसर में तोड़फोड़ मचाई। 20 मिनट तक जमकर पत्थरबाजी की। उन्होंने विश्वविद्यालय के टेबल-कुर्सी, खिड़की के शीशे, परिसर में खड़ी कार और बस के शीशे तोड़ दिए। पत्थरबाजी में दो पुलिस जवानों को चोट भी आई है। इसके बाद पुलिस ने हंगामा कर रहे परीक्षार्थियों पर लाठीचार्ज कर दिया था। परीक्षार्थियों का आरोप है कि यूनिवर्सिटी प्रबंधन कुछ विशेष छात्रों को अलग बैठाकर परीक्षा ले रहा था। उन्हें नकल की छूट दी गयी थी। जबकि वाईबीएन प्रबंधन ने कहा कि छात्र नकल की छूट देने के लिए दबाव बना रहे थे। जब बात नहीं बनी तो वे भड़क गए और पत्थरबाजी शुरू कर दी।



जेल भेजे जाने से पहले पुलिस की हिरासत में हंगामा के आरोपी ● फोटोन न्यूज

**53 फामेर्सी कॉलेजों का बना एक सेंटर**

वाईबीएन यूनिवर्सिटी में 53 फामेर्सी कॉलेजों का सेंटर बनाया गया है। सेकेंड सिटिंग में 2300 परीक्षार्थियों का एग्जाम था। सभी ओल्ड कोर्स के थे। दोपहर 2 से शाम 5 बजे तक परीक्षा शांतिपूर्वक हुई। शाम 5:02 में छात्र बाहर निकले और तोड़फोड़ शुरू कर दी। पुलिस ने समझाने का प्रयास किया, लेकिन परीक्षार्थी नहीं माने। इसके बाद पुलिस ने लाठीचार्ज कर दिया।

### इन्हें भेजा गया जेल

जिन छात्रों को हंगामा और तोड़फोड़ करने के आरोप में जेल भेजा है, उसमें कुणाल सिन्हा, ऋषिकेश राज, नौलीनिकान्त, रकीब राजा, राजेन्द्र नाथ, मुकुल वर्मा, आमी कुमार, मंजीत सिंह, मोहम्मद अनम, अब्दुल कुदुस अंसारी, शशि भूषण गुप्ता, सत्यम कुमार सिंह और शैयद शाकिब के नाम शामिल हैं। सभी को कोर्ट में पेश करने के बाद न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया।

# लव जिहाद मामले की जांच के लिए मुंबई गई रांची पुलिस

**CRIME REPORTER RANCHI :** झारखंड की राजधानी रांची में लव जिहाद के मामले की जांच करने रांची पुलिस गुरुवार को मुंबई गई है। मुंबई में रहने वाली मॉडल से रांची पुलिस पूछताछ करेगी और पूरे मामले की जानकारी लेगी। साथ ही मॉडल का बयान दर्ज करेगी। आपको बता दें कि बिहार के भागलपुर की रहने वाली एक मॉडल ने रांची के एक मॉडलिंग स्कूल के संचालक तनवीर अख्तर पर धोखा देने, शादी के लिए धर्म परिवर्तन का दबाव बनाने और यौन शोषण का आरोप लगाया है। उसने मुंबई के वसोर्वा थाने में मंगलवार को तनवीर के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई थी। एफआईआर को मुंबई पुलिस ने झारखंड ट्रांसफर कर दिया। गोन्दा थाना में केस दर्ज कर लिया गया है। रांची पुलिस इस मामले की जांच कर रही है। केस के जांच की जिम्मेदारी एसआई विवेक कुमार के पास है। पुलिस आरोपी तनवीर अख्तर से संपर्क स्थापित करने की कोशिश में है।

मॉडल का आरोप है कि तनवीर ने नाम बदलकर उसे धोखा दिया। उसे पता नहीं था वह मुस्लिम है। इसके बाद तनवीर धर्म बदलने का दबाव बनाने लगा। शादी के लिए भी परेशान करने लगा। परेशान होकर जब पीड़िता मुंबई चली गयी तो वहां भी आकर उसने मारपीट की। उसके घर वालों को धमकाया। पीड़ित मॉडल ने कहा कि जब मुझे कोई रास्ता नजर नहीं आया तो मैंने पुलिस में इसकी शिकायत की और अब न्याय के लिए गुहार लगा रही हूं। इस मामले में आरोपी तनवीर अख्तर ने कहा कि उसने कभी नाम नहीं बदला। मॉडल उसके साथ काम करती थी। उसने मेरे कारोबार में लाखों का नुकसान कराया। नुकसान की भरपाई के लिए जब मैं पैसे मांगने लगा तो उसने मुझ पर गलत आरोप लगाए हैं। मैं मुस्लिम हूं, उसे पता है कि आसानी से लव जिहाद का नाम देकर मुझे फंसा सकती है। मुझे देश के कानून पर भरोसा है कि न्याय होगा।

उल्लेखनीय है कि मॉडल ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो अपलोड कर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से भी मदद की गुहार लगाई है।

## BRIEF NEWS

### टीआरआई में रचनात्मक लेखन कार्यशाला 15 से 22 जून तक

**RANCHI :** डॉ रामदयाल मुंडा जनजातीय शोध संस्थान (टीआरआई) मोरहाबादी में रचनात्मक लेखन कार्यशाला 15 से 22 जून तक आयोजित किया जायेगा। संस्थान के निदेशक रणेंद्र ने बताया कि कार्यशाला में देश के वरिष्ठ कथाकार, उपन्यासकार, कवि और नाटककार जिनमें एच सुलभ, महादेव टोप्पो, अश्विनी पंकज, वंदना टेटे, प्रोफेसर चौमुना बीनी तवार, अविनाश दास, अनिल यादव प्रोफेसर प्रमोद मीणा आदि शामिल हैं, लेखन के गुण सिखायेंगे। रणेंद्र ने बताया कि रचनात्मक लेखन एक कला है, जो सामान्य लेखन से भिन्न हैं। इस तरह के लेखन में स्मृतियां, कल्पना और स्वप्न बड़ी भूमिका निभाते हैं। कार्यशाला के दौरान प्रतिभागी पटकथा लेखन, यात्रा वृतांत, निबंध, जीवनी , आत्मकथाएं, संस्मरण , अनुवाद , उपन्यास लेखन की विधा को समझेंगे। इस कार्यशाला में भाग लेने वाले प्रतिभागियों की उम्र 21 से 35 वर्ष के बीच होनी चाहिए।

### डीसी से जगन्नाथपुर मंदिर रथयात्रा मेला की नीलामी रद करने की मांग

**RANCHI :** उपायुक्त से जगन्नाथपुर रथ यात्रा के दौरान मेला परिसर की नीलामी रद करने की मांग की गई है। लाल प्रवीर नाथ शाहदेव ने कहा कि समिति 331 वर्षों की परम्परा को तोड़ते हुए 31 लाख में मेला परिसर को बेच दिया। उपायुक्त से अपील है कि समिति के इस गैर पारम्परिक निर्णय को रद किया जाये।

### दिव्यांगजनों की सहायता के लिए अंग प्रत्यारोपण केंद्र का हुआ उद्घाटन

**RANCHI :** श्री भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति द्वारा तेतर टोली, बरियातू रोड में स्थापित अंग प्रत्यारोपण केंद्र का उद्घाटन गुरुवार को राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन के द्वारा किया गया। इस केंद्र का निर्माण सुभाष मोदी, गौतम मोदी और प्रदीप जैन के सहयोग से किया गया है। मौके पर रांची सांसद संजय सेठ, कांके विधायक समरी लाल और पूर्व राज्यसभा सांसद महेश पोद्दार मुख्य रूप से उपस्थित थे। इस अवसर पर राज्यपाल ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि दिव्यांगजनों के पंख को उडान देने की दिशा में किए जा रहे सफल प्रयासों के लिए महावीर सहायता समिति के पदाधिकारियों की जितनी प्रशंसा की जाएं कम है। स्थाई रूप से निर्मित यह भवन दिव्यांगजनों की सहायता के लिए काफी महत्वपूर्ण है।

### सर्किट हाउस से बिजली विभाग ने हटाई डालियां

**RANCHI :** रांची एरिया बोर्ड जीएम पीके श्रीवास्तव के निर्देश अनुसार मानसून पूर्व शहर में बिजली के तार पर सटे डालियों को गुरुवार रांची के विभिन्न क्षेत्रों से हटाया गया। इस दौरान गुरुवार को रांची सेंट्रल के कार्यपालक अभियंता के नेतृत्व में मोरहाबादी मैदान के सर्किट हाउस क्षेत्र से पेड़ की डालियों को कटा गया। इस दौरान कचहरी चौक, रेडियम रोड, टैंक रोड, नगर निगम कार्यालय के आस पास सुबह एक घंटे तक बिजली बाधित रही। गुरुवार को शहर में फिर से लोड सेडिंग देखने को मिली। इस दौरान पीक आवर में राजधानी के कई क्षेत्रों में घंटो बिजली गुल रही। जिसमें केतारी बगान, बहुबाजार बाबू लाइन, कोकर के बजरंग नगर, पुराना हैदल अली रोड, कचहरी चौक, हरमू, किशोरगंज आदि क्षेत्र शामिल है।

atom美 ATOMY INDIA
RANCHI TEAM WARRIOR CENTRE
4th Floor, Shop No. 22, 23, 24 Roshpa Roshpa Tower, Main Road, Ranchi - 834001
Mob. 9334495776

# प्रशासनिक कार्रवाई के खिलाफ दो दिन बंद रहेंगे मोरहाबादी के दुकान

**PHOTON NEWS RANCHI :** पुलिस-प्रशासन द्वारा मोरहाबादी मैदान को अतिक्रमण मुक्त बनाने के अभियान से यहां के दुकानदार नाराज दिख रहे हैं। मोरहाबादी मैदान के दुकानदारों ने प्रशासनिक कार्रवाई के खिलाफ दो दिनों तक मोरहाबादी मैदान बंद करने का निर्णय लिया है, यानी की दुकानें शुक्रवार व शनिवार को बंद रहेगी। दुकानदार काली पट्टी लगाकर विरोध करेंगे। इस कार्रवाई के खिलाफ दुकानदारों में अब आक्रोश देखा जा रहा है, गुरुवार को जब पुलिस प्रशासन व जिला प्रशासन की टीम अतिक्रमण हटाने व जांच करने मोरहाबादी मैदान पहुंची तो दुकानदारों के साथ जमकर बहस हुई। बहस के दौरान मोरहाबादी दुकानदार संघ के अध्यक्ष कुमार रौशन के नेतृत्व में दुकानदारों ने विरोध दर्ज कराया। दुकानदारों ने कहा कि गुटखा-सिगरेट की बिक्री पूरे शहर मे हो रही है, उस पर भी रोक लगाने की आवश्यकता है। प्रतिदिन निर्दोष दुकानदारों एवं आम नागरिकों को डराना धमकाना एवं लाठी से मारना गलत है। उन्होंने कहा कि सभी दुकानदार उच्च न्यायालय के आदेशानुसार नगर निगम के द्वारा दिये गये जगह पर अपनी दुकानें लगा रहे है और खाने-पीने की सामग्री बेच रहे हैं। फिर भी पिछले दस दिनों से लगातार पुलिस प्रशासन के द्वारा दुकानदारों एवं ग्राहकों को पुलिस द्वारा लाठी से पिटा जा रहा है जो असंवैधानिक है। प्रतिदिन ग्राहकों से दुर्व्यवहार के कारण दुकानदारी चौपट हो गई है। कुर्सी टेबल लगाने, प्लास्टिक लगाने से मना किया जा रहा है, जो कि उच्च न्यायालय के आदेश कि सीधी अवहेलना है।

### समाधान योजना की अवधि का विस्तार किया जाए : चैंबर

**RANCHI :** वाणिज्यकर विभाग द्वारा चलाये जा रहे कर समाधान योजना की अवधि विस्तार के लिए झारखंड चैंबर आफ कामर्स द्वारा वित मंत्री डा. रामेश्वर उरांव और विभागीय सचिव विप्रा भाल को पत्र लिखा गया। चैंबर अध्यक्ष किशोर मंत्री ने कहा कि व्यापारियों व उद्यमियों पर वर्षों से टैक्स के रूप में बकाया करोड़ों रुपये की राशि की प्राप्ति के लिए वाणिज्यकर विभाग द्वारा चलाई जा रही कर समाधान योजना स्वागतयोग्य है। फेडरेशन आफ झारखंड चैंबर आफ कामर्स एण्ड इंडस्ट्रीज यह महसूस करता है कि इस योजना की आकर्षक नीतियों के कारण व्यापारियों के वर्षों से लंबित मामलों का निष्पादन होगा। वहीं राज्य सरकार को भी करोड़ों रुपये राजस्व की प्राप्ति होगी। चूंकि इस योजना की अंतिम तिथि 31 मई थी ऐसे में आवश्यक है कि योजना की अवधि अगले 60 दिनों तक विस्तारित की जाएं ताकि अधिकाधिक डीलर्स इस योजना से लाभान्वित हो सकें।

# CID ने जामताड़ा से CYBER अपराधी करण मंडल को किया गिरफ्तार, कई सामान बरामद

## आईसीआईसीआई बैंक के खाताधारकों को फिशिंग एसएमएस भेज करता था ठगी

**CRIME REPORTER RANCHI :** अपराध अनुसंधान विभाग (सीआईडी ) के रांची साइबर थाना ने जामताड़ा जिले के करमाटांड थाना क्षेत्र के फोफनाद गांव से साइबर अपराधी करण मंडल को गिरफ्तार किया गया है। इसके पास से चार मोबाईल फोन, चार सिमकार्ड, एक एटीएम और एक पासबुक बरामद किया गया है। सीआईडी के एसपी एस कार्तिक ने गुरुवार को प्रेस कांफ्रेंस में बताया कि यह मामला आईसीआईसीआई बैंक के जरिये दर्ज कराया गया था। बैंक के विभिन्न खाताधारकों को अज्ञात साइबर अपराधी की ओर से फिशिंग एसएमएस भेजे जाने के आरोप लगाया गया था। इस एसएमएस के जरिये लोगों को एकाउंट, पेन कार्ड अपडेट करने के नाम पर मालिसियस फेक एंड्राइड (एपीके) फाइल भेजा रहा है। जो प्रथम द्दष्ट्या आईसीआईसीआई बैंक के इंटरनेट बैंकिंग से मिलता जुलता फेक एप्लीकेशन जैसा पाया गया। एसपी ने बताया कि यह फेक एप्लीकेशन इंस्टॉलेशन के वक्त उपयोगकर्ता के मोबाईल से एसएमएस रिसीव कर सेंड करने का परमिशन मांगता है, ताकि यह इंटरनेट बैंकिग से संबंधित सिस्टम को इंटरसेप्ट कर सके। यह एप्लीकेशन सेंसिटिव इनफार्मेशन जैसे पेन कार्ड, मोबाईल नंबर, एकटीएम कार्ड नंबर, आईडी पासवर्ड एसएमएस के माध्यम से साइर अपराधियों के पास चला जाता है। इसके जरिये साइबर अपराधी ठगी करता है। मामले के अनुसंधान के क्रम में भारतीय साइर अपराध समन्वय केंद्र , गृह मंत्रालय से सहयोग प्राप्त कर इस अपराध शैली का तकनीकी रुप से अनुसंधान करते हुए साइबर अपराधी को गिरफ्तार किया। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि किसी भी अज्ञात नंबर से कॉल आने पर अपनी निजी जानकारी साझा ना करें। साथ ही किसी भी लिंक या एसएमएस पर क्लिक ना करें। साइकर अपराधी का शिकार होने पर तुरंत हेल्पलाइन नंबर 1930 पर कॉल करें।




प्रेस कांफ्रेंस कर जानकारी देते सीआईडी एसपी एस कार्तिक ● फोटोन न्यूज

# PDS दुकानदारों ने खाद्य सचिव को सौंपा ज्ञापन

**PHOTON NEWS RANCHI :** झारखंड राज्य लक्षित जन वितरण प्रणाली दुकानदार संघ के प्रदेश अध्यक्ष सुशील कुमार साहू के अगुआई में गुरुवार को जगन्नाथ मंदिर धुर्वा रांची के समीप एक बैठक आहूत कर अपनी समस्याओं को खाद्य आपूर्ति सचिव को अवगत कराने के संबंध में चर्चा की गई। जिसमें पांच बिंदुओं पर चर्चा हुई। कोरोना काल में जब जुट की बोरी का उत्पादन बंद था तब सभी जन वितरण प्रणाली दुकानदारों से जूट की बोरियां 23.00 रुपये प्रति बोरी की दर से ली गई थी। परंतु आज तक उस बोरी का भुगतान नहीं किया गया है। गोदाम से खाद्यान एवरेज में मिलने से उन्हें प्रति बोरी 01 से 03 किग्राम खाद्यान काम मिलता है तथा प्रति बोरी 800 ग्राम बोरी का भी वजन होता है। डीएसडी के माध्यम से मिलने वाले अनाज के लिए मोटिया का खर्च भी दुकानदारों को वहन करना पड़ता है। इसके रोक थाम केलिए दुकानदारों ने कहा की गोदाम को भी ऑनलाइन किया जाय और वहां धर्मकांटा की व्यवस्था की जाय। माह जनवरी से लाभुकों के बीच मुफ्त खाद्यान्न का वितरण सरकार द्वारा तय किया है, जिसके एवज में जन वितरण प्रणाली दुकानदारों को कमीशन के रूप में प्रति माह 01 (एक रूपया) प्रति कि०ग्रा० देना तय किया है। लेकिन दुकानदारों के प्रति सरकार और अधिकारी उदासीन दिख रहे हैं। हमें प्रति माह कमीशन की राशि नहीं मिलने से दुकानदारों में भुखमरी की नौबत आ गई है। अतः हमें कमीशन की राशि प्रति माह समय से उपलब्ध कराई जाय। प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत 18 महीने का बकाया कमीशन का भुगतान भी जल्द से जल्द कराई जाय। आगे संघ के प्रदेश महासचिव नृपेंद्र कृष्ण महतो ने कहा की अगर हमारी समस्याओं का समाधान नहीं होने पर हम विभागीय मंत्री और मुख्यमंत्री का घेराव तथा प्रदर्शन करने को मजबूर होंगे। बैठक के बाद प्रतिनिधि मंडल प्रोजेक्ट भवन में खाद्य आपूर्ति सचिव को अपनी मांग पत्र सौपा। सचिव ने प्रनिधि मंडल को आश्वासन दिया की उनकी समस्याओं पर जरूर कार्रवाई की जाएगी। इस बैठक में भास्कर वर्मा, बिपिन बिहारी मिश्रा, मनोज वर्मा, बिंदु देवी, आशामुनि, राजेश, पंकज, अजित कुमार समेत सैकड़ों उपस्थित थे।



खाद्य आपूर्ति सचिव के साथ बैठक करते पीडीएस दुकानदार ● फोटोन न्यूज

### शहर में पांच वेलनेस सेंटर का हुआ उद्घाटन, सदर व रिम्स पर कम होगा लोड

**RANCHI :** 15वें वित्त आयोग के अनुशंसा के आलोक में रांची नगर निगम क्षेत्र में 24 स्थलों पर अर्बन हेल्थ एवं वेलनेश सेंटर का संचालन किया जाना है। इसको लेकर गुरुवार को पांच केन्द्रों का उद्घाटन किया। इस क्रम में प्रशासक शशि रंजन ने वार्ड संख्या 10 गाड़ीगाव पाहन टोली स्थित अर्बन हेल्थ एवं वेलनेश सेंटर का उद्घाटन किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि आज रांची नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत कुल पांच अर्बन हेल्थ एवं वेलनेश सेंटर का उद्घाटन किया जा रहा है एवं जल्द ही शेष 19 अर्बन हेल्थ एवं वेलनेश सेन्टर का संचालन प्रारम्भ किया जाएगा। यह काफी हर्ष का विषय है कि अर्बन हेल्थ एवं वेलनेस सेंटर का संचालन कुल 24 स्थलों पर किया जाना है।

# अभी और सतायेगी गर्मी, 13 जून तक नहीं मिलेगी राहत

**PHOTON NEWS RANCHI :** झारखंड में अब गर्मी बढ़ेगी। इस महीने आसमान साफ रहने की संभावना है। तेज धूप परेशान करेगा और राज्य के कई हिस्सों में तापमान में बढ़त दर्ज की जा सकती है। तेज धूप की वजह से तापमान में बढ़त आयेगी और आज तापमान पारा 42 डिग्री सेल्सियस के पार जाने की संभावना है। सुबह से ही राज्य के कई हिस्सों में तेज धूप खिली रहेगी। अभी कुछ दिनों में तापमान में गिरावट को लेकर कोई बड़ी राहत नजर नहीं आ रही है। तापमान इतना बढ़ेगा कि कई जगहों पर गर्म हवा होगी और लू चलने की भी संभावना है। इस दौरान राज्य में कहीं भी बारिश या आंधी की संभावना नहीं है। 13 जून के बाद मौसम फिर करवट ले सकता है। मौसम विभाग ने संकेत दिया है कि 13 जून तक झारखंड में गर्मी बढ़ेगी। तीखी धूप और उमस लोगों को परेशान करेगी। 13 जून की शाम को आसमान में बादल नजर आ सकते हैं। 14 जून से बारिश की संभावना है। इसके बाद लोगों को गर्मी से थोड़ी राहत मिलेगी। मई महीने में बीच में आयी कुछ दिनों की बारिश और बादल ने बड़ी राहत दी। जून महीने की शुरूआत हो गयी है और अभी दो सप्ताह गर्मी और उमस खूब परेशान करेगी। मौसम विभाग ने कहा है कि कई जिलों का तापमान 42 डिग्री के पार भी जा सकता है। बुधवार को रांची, जमशेदपुर सहित कई जिलों में बादल जरूर नजर आये लेकिन बारिश नहीं हुई।

**हाथी के हमले से ऑटो और बाइक में सवार लोग वाहन छोड़कर जान बचाकर भागे, गोला-कोरांबे मार्ग में एक घंटा तक आवागमन रहा ठप**

# सुरसू घाटी में जंगली हाथी का आतंक, ऑटो और बाइक पर किया हमला

**PHOTON NEWS RANCHI :** ग्रामीण क्षेत्र हो या शहरी क्षेत्र सभी जगह जंगली हाथियों का आतंक देखने को मिलता है। इन दिनों झारखंड की राजधानी रांची के अनगड़ा में जंगली हाथी का आतंक देखने को मिला। दरअसल, सुरसू घाटी में एक जंगली हाथी ने बीच सड़क में एक ऑटो और बाइक सवार पर हमला कर दिया। हमले के बाद लोग अपनी जान बचाकर भाग निकले। इस हमले में किसी की हताहत होने की खबर नहीं है। लेकिन ऑटो और बाइक को हाथी ने पूरी तरह से क्षतिग्रस्त कर दिया और सड़क के बीचों बीच खड़ा हो गया। अचानक हुए हाथी के हमले से ऑटो और बाइक में सवार लोग वाहन छोड़कर किसी तरह से वहां से जान बचाकर भाग निकले। लेकिन जंगली हाथी ने ऑटो में रखा दैनिक उपयोग की वस्तु और खाने-पीने की चीजों को बर्बाद कर दिया। वाहनों को क्षतिग्रस्त करने के बाद जंगली हाथी सड़क के बीचों बीच खड़ा हो गया। जिससे गोला-कोरांबे मार्ग में एक घंटा तक आवागमन पूरी तरह से बंद हो गया था। रोड में हाथी को देख लोग वापस लौट गये। इधर, ग्रामीणों ने कहा कि अपना बच्चा के खो जाने से परेशान यह हथिनी लगातार पिछले कई दिनों से लोगों पर हमला कर रही है। साथ ही दिन में ही गांव में आ जाती है। इससे सुरसू, हरजालुम सहित अन्य गांवों में दहशत का माहौल है। इसके साथ ही कहा एक दिन पहले भी यह हथिनी दिन के उजाले में ही हरजालुम गांव पहुंची थी। बता दें कि यह घटना बुधवार शाम चार बजे की है। इस हमले में ऑटो बंधुवाडीह के शंकर बेदिया और बाइक मातकमडीह के जयराम बेदिया का था। सारे लोग अपने घर की ओर लौट रहे थे। इसी दौरान हाथी ने हमला कर दिया था।



अनगड़ा के सुरसू घाटी में घूमता हाथी ● फोटोन न्यूज



हाथी के हमले से दुर्घनाग्रस्म टेंपो व मदद के लिए जुटे लोग ● फोटोन न्यूज



हाथी के हमले से टेंमो पलटा व बिखरा हुआ सामान ● फोटोन न्यूज

# चुटूपालु घाटी में Trailer ने मचाया कोहराम, Bike सवार युवक की मौत

## सरिया लदा ट्रेलर रांची की ओर से रामगढ़ की तरफ आ रहा था


रोड पर रखा गया सरिया। ● द फोटोन न्यूज


ट्रेलर के धक्के से क्षतिग्रस्त वाहन। ● द फोटोन न्यूज


सड़क पर एक्सीडेंट के बाद लगा जाम। ● द फोटोन न्यूज

**PHOTON NEWS RAMGARH :** रांची पटना राष्ट्रीय राजमार्ग-33 पर रामगढ़ के चुटूपालू घाटी में एक टेलर ने गुरुवार को कोहराम मचा दिया। अनियंत्रित ट्रेलर ने कई गाड़ियों को टक्कर मारी और घाटी में डिवाइडर से टकराकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इस हादसे में बुलेट बाइक पर सवार बादल करमाली की मौत हो गई। वह रामगढ़ जिले के वेस्ट बोकारो क्षेत्र का रहने वाला था। वह गुरुवार की सुबह रांची से अपने घर लौट रहा था।

इस हादसे में ट्रेलर पर लदा सरिया फोरलेन पर दोनों ओर बिखर गया। इस हादसे के बाद राष्ट्रीय राजमार्ग-33 पर आवागमन पूरी तरीके से बाधित हो गया। घटना की सूचना मिलते ही रामगढ़ थाना प्रभारी रोहित कुमार दल बल के साथ मौके पर पहुंचे और उन्होंने राहत बचाव कार्य शुरू कर दिया।

थाना प्रभारी ने बताया कि अनियंत्रित ट्रेलर ने घाटी में एक स्विफ्ट डिजायर कार, एक बुलेट, बाइक, एक टाटा 407 और एक टेलर को भी जोरदार टक्कर मारी। इसके अलावा डिवाइडर पर लगे बिजली के कई खंभों को भी अनियंत्रित ट्रेलर ने उखाड़ दिया। इस हादसे में कार पर सवार तीन लोग घायल हो गए हैं, जिन्हें इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सरिया लदा ट्रेलर रांची की ओर से रामगढ़ की तरफ आ रहा था। घाटी में घुसते ही वह ट्रेलर अनियंत्रित हो गया और प्रशासन द्वारा चिन्हित ब्लैक स्पॉट के पास ही पूरी वारदात हुई। पुलिस ने काफी मशक्कत कर सड़क पर बिखरे हुए सरिया को हटवाया और दुर्घटनाग्रस्त ट्रेलर को भी सड़क के किनारे किया। इसके बाद राजमार्ग 33 पर आवागमन शुरू हुआ। इस दौरान लगभग पांच घंटे तक सड़क जाम रहा, जिससे लोगों को काफी परेशानी हुई।

## खूंटी में नई चेसिस ने गाड़ी को मारी टक्कर, पिता-पुत्र की मौत

**PHOTON NEWS KHUNTI :** जिले के सायको थाना क्षेत्र अंतर्गत तजना नदी के पास गुरुवार दोपहर को हुई सड़क दुर्घटना में पिता और पुत्र की मौत हो गई, जबकि वाहन पर सवार दो अन्य लोग घायल हो गये।

जानकारी के अनुसार सेरेंगहातू (अड़की) से सवारी लेकर खूंटी आ रही फोर्स क्रूजर गाड़ी को नई चेसिस के चालक ने पीछे से टक्कर मार दी और वाहन को लगभग बीस मीटर तक घसीटकर ले गई। तजना नदी के पास फोर्स गाड़ी पलट गई, जिसमें दबकर वाहन चालक भरत मल्हार (45) और उसके पुत्र अभिराम मल्हार (20) की मौत हो गई। बताया गया है कि भरत अपनी फोर्स गाड़ी चलाता था और उसका बेटा खलासी का करता था। गुरुवार को दोनों सवारी लेकर सेरंगहातू से खूंटी जा रहे थे। सवारी उठाने के लिए उसने सड़क किनारे गाड़ी रोकी। इस बीच नई चेसिस ने उसे टक्कर मार दिया। इस दुर्घटना में पिता-पुत्र की मौत हो गई, जबकि वाहन पर सवार दयाल हस्सा और उसकी पत्नी सोम्बारी हस्सा घायल हो गये।

स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वाहन पर सवार छह महीने के एक बच्चे को खरोंच तक नहीं आई। वाहन का एक अन्य खलासी भी सुरक्षित है।

## प्रधान लिपिक सहित दो घूस लेते गिरफ्तार

**PHOTON NEWS MADNINAGAR :** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की पलामू टीम ने जिले के विश्रामपुर नगर परिषद के प्रधान लिपिक अनिल चन्द्रवंशी समेत दो को 10 हजार रूपए घूस लेते गुरूवार को रंगेहाथ गिरफ्तार किया। दोनों को विश्रामपुर नगर परिषद कार्यालय में गिरफ्तार करने के बाद मेदिनीनगर लाया गया और फिर उन्हें न्यायायिक हिरासत में भेज दिया गया। प्रधान सहायक अनिल और उसके सहयोगी को गिरफ्तार करने के साथ एसीबी पलामू ने इस वर्ष का 5वां टैप केस पूरा कर लिया है।


गिरफ्तार दोनों लिपिक के साथ पुलिसकर्मी। ● द फोटोन न्यूज

टीन ने बताया कि रेहला थाना क्षेत्र के कधवन निवासी ओमकार नाथ सिंह ने आवेदन देकर शिकायत की थी कि विश्रामपुर नगर परिषद से उसे वेलकम बोर्ड के निर्माण के लिए 10 लाख 46 हजार 300 रुपये का काम मिला था। यह काम के लिए 10 प्रतिशत कम दर पर का एग्रीमेंट था। 22.2.2020 को कार्य पूर्ण हो गया था। जमानत राशि एक वर्ष बाद दी जानी थी। 41 हजार 688 रुपये जमा थे।

इस राशि को निकालने के लिए ओमकार नाथ ने कई बार प्रधान लिपिक अनिल चन्द्रवंशी से अनुरोध किया था। बावजूद प्रधान लिपिक का कहना था कि सर नहीं मान रहे हैं। कम से कम 10 हजार रूपए देना होगा, तभी आपका काम होगा। वादी घूस देकर काम नहीं कराना चाहता था।

शिकायत के आलोक में सत्यापन किया गया और आरोप सही पाए गए। मामले में एफआइआर दर्ज की गयी और अनुसंधान के क्रम में प्राथमिकी नामजद अभियुक्त प्रधान सहायक अनिल चन्द्रवंशी को 10 हजार रूपए लेकर अपने सहयोगी अप्राथमिकी अभियुक्त जितेन्द्र बहेलिया को देते गिरफ्तार कर लिया गया। अनिल मेदिनीनगर के शास्त्री नगर (भट्ठी मुहल्ला) का निवासी है, जबकि जितेन्द्र विश्रामपुर का रहने वाला है। जितेन्द्र विश्रामपुर नगर परिषद में चालक के पद पर कार्यरत है।

## कोडरमा स्टेशन पर ट्रेन की चपेट में आने से महिला और युवक की मौत

**PHOTON NEWS KODARMA :** कोडरमा गया रेलखंड स्थित कोडरमा स्टेशन पर गुरुवार की सुबह करीब 8 :10 बजे धनबाद-देहरी ऑन सोन इंटरसिटी एक्सप्रेस की चपेट में आने से महिला और युवक की मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार ट्रेन धनबाद की तरफ से कोडरमा स्टेशन पर पहुंची और ट्रेन की स्पीड कम हो रही थी। इस दौरान ट्रेन में सवार महिला चलती ट्रेन से नीचे उतर गई। इसके बाद


अस्पताल में घायलों का इलाज करते चिकित्सक। ● द फोटोन न्यूज

महिला का संतुलन बिगड़ गया और वह प्लेटफार्म और ट्रेन के बीच में चली गई। महिला को गिरता देख ट्रेन पर सवार युवक भी महिला को बचाने के लिए चलती ट्रेन से उतर गया। इस दौरान वह भी ट्रेन की चपेट में आ गया। घटना में युवक और महिला गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर पहुंची रेलवे सुरक्षा बल कोडरमा की टीम ने दोनों घायलों को तत्काल एंबुलेंस के जरिए इलाज के लिए सदर अस्पताल कोडरमा पहुंचाया। घायल युवक के पास मिले आधार कार्ड से उसकी पहचान कोडरमा जिले के जयनगर थाना क्षेत्र के हीरोडीह निवासी 26 वर्षीय दिनेश कुमार (पिता सुभाष चंद्र यादव) के रूप में हुई है। वहीं सदर अस्पताल कोडरमा में इलाज के दौरान गंभीर रूप से घायल महिला चतरा निवासी ममता देवी (34) की मौत हो गई। जबकि गंभीर रूप से घायल युवक की भी इलाज के दौरान मौत हो गई।

## गनके जंगल में मिला नवविवाहित का फंदे पर लटका मिला शव

### ललिता और रवि रंजन ठाकुर की शादी चार महीने पहले हुई थी

**PHOTON NEWS MADNINAGAR :** जिला मुख्यालय मेदिनीनगर सदर थाना क्षेत्र के गनके जंगल में गुरुवार को एक नव विवाहिता का शव पेड़ पर फंदे से लटका बरामद किया गया। महिला की पहचान रवि रंजन ठाकुर की पत्नी ललिता देवी (21) के रूप में हुई है।

महिला का ससुराल सुआ गांव में है। ललिता ने अंतरजातीय विवाह किया था। उसका मायके लातेहार में है। सूचना मिलने पर उसके मायके पक्ष के लोग डालटनगंज के लिए रवाना हो गए हैं। पुलिस शुरूआती छानबीन में मामले को आत्महत्या मान कर जांच में जुटी हुई है। पारिवारिक परेशानी में आत्महत्या करने की आशंका व्यक्त की जा रही है।

ग्रामीणों के अनुसार ललिता सुबह 8.30 बजे अपने ससुराल से निकली थी। उसे 9 बजे गनके में देखा गया था। ग्रामीणों का कहना है कि ललिता अपने पास रस्सी भी रखी थी और उसी समय से संभावना व्यक्त की जा रही थी कि वह सुसाइड करने के लिए निकली है। हालांकि किसी ने ललिता को टोका नहीं और ना ही रोकने की कोशिश की।

सदर थाना प्रभारी गौतम कुमार ने बताया कि सूचना मिलने पर पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और डेड बॉडी को कब्जे में लिया। साथ ही पोस्टमार्टम के लिए एमआरएमसीएच में भेज दिया है। पूरे मामले की छानबीन की जा रही है। मायके पक्ष के लोगों को भी जानकारी दे दी गई है। उनके बयान के अनुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।

घटनास्थल नेशनल हाईवे-39 से 1 किलोमीटर और मृतका के ससुराल से चार किलोमीटर दूर है। ग्रामीणों से जानकारी मिली है कि ललिता और रवि रंजन ठाकुर की शादी चार महीने पहले हुई थी।

## युवक ने जबरन दोस्ती करने के लिए लड़की के गले पर रखा चाकू

### पुलिस ने सौदागर मोहल्ला के आरजू मंसूरी को किया गिरफ्तार

**PHOTON NEWS RAMGARH :** देश में लव जिहाद को लेकर चर्चा काफी जोरों पर है। ऐसे मामले में रामगढ़ में भी एक मुस्लिम युवक की करतूत ने लोगों को चौका कर रख दिया है। यहां एक मुस्लिम युवक ने एक हिंदू लड़की से दोस्ती करने के लिए रात के अंधेरे में उसके गले पर चाकू रख दिया। लड़की ने किसी तरह अपनी जान बचाई और भागकर थाने पहुंची। इस संबंध में रामगढ़ थाना में युवती ने प्राथमिकी दर्ज कराई है। दर्ज कराई गई प्राथमिकी के बाद युवक को गिरफ्तार कर लिया है।

यह घटना 31 मई की देर रात की है। शहर के सौदागर मोहल्ला के रहने वाली अंजली कुमारी ने प्राथमिकी दर्ज कराई है। प्राथमिकी में अंजली कुमारी ने लिखा है कि सौदागर मोहल्ला के आरजू मंसूरी अपने कुछ लोगों के साथ रात नौ बजे के लगभग मेरे घर में घुस आया। आरजू मंसूरी अपने लोगों के साथ मुझसे जबरदस्ती दोस्ती करने का दबाव बनाने लगा। मेरे विरोध करने के बाद वह मेरे साथ मारपीट करने लगा। उसने मेरा गला दबाते हुए मेरी जान मारने की कोशिश किया। साथ ही उसने मेरे ऊपर चाकू से हमला किया। हालांकि मैं उसके चाकू के वार से बचती रही। वह मुझसे जबरदस्ती दोस्ती करने का बार बार धमकी देता रहा। दोस्ती नहीं करने पर जान मारने की धमकी देता रहा।अंजली ने प्राथमिकी में लिखा है कि वह किसी तरह जान बचाकर भागी और शोर मचाने लगी।

घटना की सूचना मिलने के बाद रामगढ़ थाना पुलिस पहुंचकर आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। अंजली कुमारी की प्राथमिकी रामगढ़ थाना में देर रात को दर्ज कर ली गई। रामगढ़ थाना केस संख्या 135/23 धारा 452, 341, 323, 354 , 308 भादवि के तहत दर्ज कर लिया गया है।

### नागरिकों से अपील कि जब भी बाजार जाएं तो साथ में एक कपड़े का थैला लेकर जरूर ले जाएं

## गुमला में सिंगल यूज प्लास्टिक के खिलाफ निकाली 'झोला रैली'

**PHOTON NEWS GUMLA :** पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में एक बार फिर सिंगल यूज प्लास्टिक के विरुद्ध नगर परिषद ने गुरुवार को 'झोला रैली' निकाली। इसमें नगर परिषद से संबद्ध स्वयं सहायता समूहों की सैकड़ों महिलाओं, फुटपाथ विक्रेताओं तथा आम लोगों ने हाथ में कपड़े का थैला लेकर पैदल मार्च निकाला।

रैली निकाल रहे लोगों ने शहर के नागरिकों से अपील की कि वे जब भी बाजार जाएं तो साथ में एक कपड़े का थैला लेकर जरूर जाएं। रैली का शुभारंभ नगर परिषद के प्रशासक संजय कुमार ने हरी झंडी दिखाकर किया। संजय कुमार ने कहा कि कपड़े के थैला का ज्यादा से ज्यादा उपयोग ही हमें पॉलिथीन की आदत से मुक्ति दिला सकता है। उन्होंने झोला रैली में शामिल हुए सभी प्रतिभागियों को इस अनूठे आयोजन के लिए साधुवाद किया।



प्लास्टिक यूज करने के विरोध में रैली निकालते लोग। ● द फोटोन न्यूज

**नगर परिषद शुरू करेगा 'झोला बैंक' :** सिंगल यूज प्लास्टिक पर प्रभावी पाबंदी लगाने के लिए पॉलिथीन के विकल्प के रूप में कपड़े का थैला स्थानीय बाजार में सहजता से उपलब्ध हो सके, इसको लेकर नगर परिषद ने झोला बैंक खोलने का निर्णय लिया है। नगर परिषद में कार्यरत सैकड़ों स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को प्रेरित किया जा रहा है कि वे कपड़े के थैले बनाएं। नगर परिषद की इस अपील पर कई ऐसी महिला समूहों ने कपड़े के थैले बनाने का काम शुरू भी कर दिया है लेकिन उनको औपचारिक मार्केटिंग प्लेटफार्म उपलब्ध नहीं है। इसे सहज सुगम बनाने के लिए नगर परिषद ने अपने निगरानी में झोला बैंक की स्थापना करेगा।

झोला रैली में नगर मिशन प्रबंधक, नगर प्रबंधक, सीआरपीगण, कार्यालय के कुछ कर्मियों के अलावा अन्य लोगों ने हिस्सा लिया।

## BRIEF NEWS

### पलामू में व्यवसायियों के विरोध पर नगरपालिका बाजार में टाइल्स के बजाय पेवर ब्लॉक लगाने का निर्णय



**PALAMU :** मेदिनीनगर निगम क्षेत्र के नगरपालिका बाजार में लग रही टाइल्स के खिलाफ स्थानीय व्यवसायियों ने विरोध दर्ज किया। टाइल्स को घातक बताते हुए कहा कि इसे लगाए जाने पर दुर्घटना की संभावना बढ़ जायेगी। सूचना मिलने पर निगम क्षेत्र के मेयर प्रत्याशी राजकुमार गुप्ता एवं वार्ड पार्षद नवीन गुप्ता मौके पर पहुंचे। राजकुमार गुप्ता ने भी मामले को सही पाया और उसकी जानकारी नगर आयुक्त और एसडीओ को दी। शिकायत के आलोक में एसडीओ ने जांच की और मामले को सही पाया। एसडीओ ने स्थानीय दुकानदारों को आश्वस्त करते हुए कहा कि बाजार एरिया में पेवर ब्लॉक लगाया जायेगा। इसके बाद दुकानदारों का गुस्सा शांत हुआ। तत्काल पहल करने पर एसडीओ और नगर आयुक्त के प्रति राजकुमार गुप्ता ने आभार व्यक्त किया है। वार्ड नंबर 29 के अंतर्गत आने वाले नगरपालिका बाजार एरिया में मेयर कोटा से टाइल्स लगाई जा रही थी। गुरुवार निर्माण कार्य का पहला दिन था। टाइल्स को चिकना देखकर आसपास के व्यवसायी संतोष सोनी, विनय कुमार मोती, मनीष, रंजीत, सुजीत, विकास सहित अन्य आक्रोशित हो गए और निर्माण कार्य को रोक दिया। व्यवसायियों ने कहा कि बाजार क्षेत्र की सड़क ठीक-ठाक स्थिति में है। नया निर्माण की आवश्यकता नहीं है। नाली का निर्माण जरूरी है। इसके बावजूद टाइल्स लगाना कहीं से भी जायज नहीं है।

### आवारा कुत्तों का निवाला बनने से हिरण को बचाया



**MADNINAGAR :** जिले के तरहसी प्रखंड की मंझौली टू पंचायत के बेलाई गांव में गुरुवार की सुबह ग्रामीणों ने आवारा कुत्तों का निवाला बनने से एक नर हिरण को बचा लिया। सूचना मिलने पर वनकर्मियों ने हिरण का रेस्क्यू किया और पाटन रेंज कार्यालय में ले जाकर इलाज शुरू दिया है। बताया जाता है कि बेलाई गांव में गुरुवार की अहले सुबह किसान प्रवेश कुमार, उमेश पासवान, विक्रम महतो व सामाजिक कार्यकर्ता पप्पू मेहता खेत पटवन के लिए जा रहे थे। इसी क्रम में उन्होंने देखा कि कुछ आवारा कुत्ते एक हिरण का शिकार करने के लिए दौड़ा रहे हैं। कुत्तों के हमले में हिरण का पिछला पैर का हिस्सा जख्मी नजर आया। ग्रामीणों ने साहस दिखाकर कुत्तों को खदेड़ा व हिरण को बचा लिया। बाद में इसकी सूचना वन विभाग को दी। एसीएफ रामसूरत प्रसाद के निर्देश पर मनातू वन क्षेत्र के प्रभारी वनपाल राकेश पांडे और जयप्रकाश रंजन, वनरक्षी संतोष कुमार, मुन्ना चौधरी मौके पर पहुंचे और हिरण का रेस्क्यू किया।साथ ही उसे इलाज के लिए पाटन वन क्षेत्र कार्यालय ले गए। इलाज किया जा रहा है।

### रिश्वत लेते खूंटी का राजस्व कर्मचारी रंगे हाथों गिरफ्तार

**KHUNTI :** एसीबी रांची की टीम ने गुरुवार को खूंटी तहसील कार्यालय के कर्मचारी और राजस्व उप निरीक्षक अरविंद बिहारी दास को पांच हजार रुपये घूस लेते रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। आरोपित कर्मचारी ने हूटार गांव निवासी काली महतो से किसी कार्य के लिए पांच हजार रुपये की मांग की थी। काली महतो ने इसकी जानकारी एसीबी को दी थी।

### खूंटी में युवक ने फांसी लगाकर की खुदकुशी

**KHUNTI :** खूंटी थाना क्षेत्र के खूंटी टोली निवासी राम सुंदर महतो के 19 वर्षीय पुत्र राज महतो ने अपने घर में ही फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। राज के पिता अपने परिवार वालों के साथ एक शादी समारोह में दतिया गांव गए हुए थे। उसी दौरान राज महतो ने अपने कमरे में पंखे के सहारे साड़ी का फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली। जब राज की पत्नी ने कमरे का दरवाजा खुलवाने का प्रयास किया, तो कोई जवाब नहीं पाकर खिड़की से झांकी, तो अपने पति को पंखे से लटके हुए देखकर उसने शोर मचाना शुरू किया। आवाज सुनकर गांव वाले वहां जमा हो गये और दरवाजे की कुंडी तोड़कर अंदर गये और राज को फंदे से उतार कर सदर अस्पताल भेजा, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी मिलने पर खूंटी प्रखंड के उप प्रमुख और सांसद प्रतिनिधि जितेंद्र कश्यप भी राज के घर पहुंचे और परिवार वालों को सांत्वना दी। राज की एक चार माह की पुत्री है। घटना के बाद राज की पत्नी बार-बार बेहोश हो जा रही थी। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर स्वजनों को सौंप दिया। जितेंद्र कश्यप ने कहा कि राज की पत्नी को विधवा पेंशन और अन्य सुविधा दिलाने का प्रयास किया जाएगा।

### गोड्डा में डीएवी स्कूल ने मनाया स्थापना दिवस

**GODDA :** ईसीएल की आवासीय कॉलोनी उर्जा नगर में स्थित दयानंद एंग्लो वैदिक स्कूल के स्थापना दिवस एवं विश्व पर्यावरण दिवस पर गुरुवार को पर्यावरण संरक्षण विषय पर चित्रकारी प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसमें राजमहल परियोजना के पर्यावरण विभाग के सहायक प्रबंधक विभांशु कुमार एवं खनन विभाग के अभिनव बादल सोरेन ने भाग लेकर छात्र-छात्राओं का मनोबल बढ़ाया। उन्होंने कहा कि देश-विदेश में 900 विद्यालय, 75 कॉलेज तथा एक यूनिवर्सिटी अभी संचालित हो रहे हैं। इस मौके पर एके सरण, लिली कुसुम, विजय मिश्रा मनोज ठाकुर, विजेंद्र यादव सहित कई लोग उपस्थित थे।

### खूंटी में खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी ने बेकरी दुकान का किया औचक निरीक्षण, दी चेतावनी

**KHUNTI :** अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी के निर्देश पर गुरुवार को जिला खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी मनोज कुमार ने मुरहू प्रखंड के गोड़ाटोली स्थित ब्रेड एवं बेकरी दुकान का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि दुकान का संचालक बिना फूड लाइसेंस के व्यवसाय कर रहा है। साथ ही बिक्री किये जाने वाले मालपुआ ब्रेड, बर्फी, बालूशाही सहित अन्य सामग्रियों पर मैन्यूफैक्चरिंग डेट, एक्सपायरी डेट, फूड लाइसेंस नंबर अंकित नहीं थे। मौके पर मालपुआ, ब्रेड और बर्फी के नमूने लेकर जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा गया। साथ ही चेतावनी दी गई कि एक सप्ताह के अंदर फूड लाइसेंस बनवा लें। साथ ही निर्देश दिया गया कि जिन उत्पादों पर फूड लाईसेंस नंबर, मैन्यूफैक्चरिंग डेट और एक्सपायरी डेट अंकित हों, उन्हीं की बिक्री की जानी चाहिए अन्यथा एफएसएसएआई एक्ट 2006 के तहत कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इस एक्ट के तहत दोषी के विरुद्ध जुमार्ना और सजा का प्रावधान है।

### खूंटी में सुकर पालन का दस दिवसीय प्रशिक्षण समाप्त

**KHUNTI :** खूंटी, अड़की और मुरहू प्रखंड के 30 प्रशिक्षणार्थियों का 10 दिवसीय सुकर पालन प्रशिक्षण कार्यक्रम बैंक ऑफ इंडिया, आर सेटी खूंटी में किया गया। इसका समापन गुरुवार को हो गया। सिमडेगा से आये प्रशिक्षक निकोलस बरजो ने सुकर पालक किसानों को प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षण के दौरान उन्होंने भारत में पाए जाने वाले विभिन्न प्रकार के सुकरों की नस्लों के बारे में जानकारी दी। साथ ही उनमें होने वाली बीमारियों तथा इलाज के बारे में भी बताया गया। सुकर पालन से जुड़ी सरकारी योजनाओं, सुकर पालन के उपकरण तथा उनके रख-रखाव, दवा और सुकर पालन से जुड़े व्यावसायिक पहलुओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।

BRIEF NEWS

### शादी का झांसा दे युवती से रुपये ठगने वाले को दो साल की सजा

**Jamshedpur :** गोविंदपुर की युवती को शादी का झांसा देकर रुपयों की ठगी करने वाले दोषी चुनचुन मेनन को कोर्ट से दोषी पाते हुए दो साल की सजा सुनाई है. मामले की सुनवाई करते हुए एसीजेएम चंद्रभानु कुमार की अदालत ने चुनचुन को आईपीसी की धारा 420 में दोषी पाया जिसके बाद उसे सजा सुनाई गई. कोर्ट ने दो साल जेल के अलावे 10 हजार रुपये जुमार्ना भी लगाया है. मामले में पीड़िता और उसकी मां की गवाही हुई थी. पीड़िता की ओर से अधिवक्ता बलाई पांडा ने बहस की थी. अधिवक्ता बलाई पांडा ने बताया कि पीड़िता टाटा मोटर्स में काम करती थी. वह चुनचुन से संपर्क में आई. साल 2014-16 के बीच चुनचुन ने शादी का झांसा देकर पीड़िता के साथ यौन शोषण किया और इसी बीच कई बार में रुपये भी लिए. पीड़िता ने यह सोचकर उसे रुपये दिए की वह उससे शादी करेगा पर वह बाद में शादी से मुकर गया. इसको लेकर पीड़िता ने साल 2016 में कोर्ट परिवाद दर्ज कराया था. कोर्ट ने चुनचुन को आईपीसी की धारा 420 के तहत दोषी पाया और सजा सुनाई.

### हथियार के साथ पकड़ाए शहनवाज को पुलिस ने भेजा जेल

**Jamshedpur :** मानगो जवाहर नगर रोड नंबर 14 स्थित एक निमार्णाधीन फ्लैट से हथियार के साथ धराए शहनवाज की तबीयत खराब होने पर उसका इलाज एमजीएम अस्पताल के कैदी वार्ड में किया जा रहा था. इधर, गुरुवार को उसकी तबीयत ठीक होने पर पुलिस ने कागजी प्रक्रिया पूरी करने के बाद उसे वापस जेल भेज दिया. पुलिस ने शहनवाज, शहजादा और आतीब को सोमवार शाम को हथियार के साथ गिरफ्तार किया था. जेल भेजने के समय शहनवाज को मिर्गी का दौरा पड़ा था, जिसके बाद डॉक्टरों ने उसे अनफीट घोषित कर दिया था. उसका इलाज एमजीएम अस्पताल के कैदी वार्ड में चल रहा था.

### को-ऑपरेटिव कॉलेज ग्राउंड में एनसीसी का 10 दिवसीय सीएटीसी कैंप आरंभ



**Jamshedpur:** जमशेदपुर को-ऑपरेटिव कॉलेज ग्राउंड में 37 झारखंड बटालियन एनसीसी, जमशेदपुर की ओर से 10 दिवसीय संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर-1 का आयोजन किया गया है. यह कैंप गुरुवार को आरंभ हुआ, जो 10 जून तक चलेगा. कैंप में सरायकेला खरसावां, पश्चिमी सिंहभूम एवं पूर्वी सिंहभूम जिले के विभिन्न स्कूलों एवं कॉलेजों के बालक वर्ग के 400 एवं बालिका वर्ग के 200 कुल मिलाकर 600 एनसीसी कैडेट्स हिस्सा ले रहे हैं. कैंप में विभिन्न स्कूलों एवं कॉलेजों के 12 एनसीसी एएनओ अधिकारी एवं 23 पीई स्टाफ मौजूद रहेंगे. इस कैंप का विधिवत उद्घाटन 37 झारखंड बटालियन एनसीसी के कमान अधिकारी लेफ्टिनेंट कर्नल गौरव मिश्रा आगामी 2 जून को सुबह 10:00 बजे करेंगे.

### करीम सिटी में बीसीए और बीएससी आईटी में नामांकन आरंभ

**Jamshedpur:** : जमशेदपुर के साकची स्थित करीम सिटी कॉलेज में गुरुवार से बीसीए और बीएससी आईटी में नामांकन की प्रक्रिया आरंभ हो गई है. कॉलेज के प्राचार्य डॉ मोहम्मद रेयाज ने बीसीए में नामांकन की इच्छुक छात्रा शाबिया परवीन को एडमिशन फॉर्म देकर नामांकन प्रक्रिया की शुरूआत की. इस अवसर पर उन्होंने आशा व्यक्त की कि यह दोनों विषय सीधे रोजगार से जुड़े हुए हैं.

# SONARI में अवैध निर्माण पर चला बुलडोजर

## सुरक्षा के दृष्टिकोण से बड़ी संख्या में पुलिस के जवानों को किया गया था तैनात

**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR :** जिला प्रशासन द्वारा इस समय अतिक्रमण को लेकर विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत जमशेदपुर अधिसूचित क्षेत्र समिति एवं जिला प्रशासन एक्शन मोड में है हर दिन अलग-अलग क्षेत्रों में अधिसूचित क्षेत्र समिति की ओर से अतिक्रमण हटाया जा रहे हैं। खासकर ऐसे अतिक्रमण जो मुख्य सड़कों के आसपास किए गए हैं फोन पर बुलडोजर चल रहा है ताकि शहर को साफ सुथरा एवं जाम मुक्त बनाया जा सके। इसी क्रम में बुधवार को सोनारी थाना अंतर्गत ग्वाला बस्ती नॉर्थ मैं बने अवैध दुकान एवं खटालों को जेसीबी से ध्वस्त किया गया। यहां 2 दर्जन से अधिक दुकान, खटाल व अन्य अतिक्रमण को हटाया गया। इससे पूर्व भारी संख्या में पुलिस बलों की तैनाती की गई थी। इस संबंध में जानकारी देते हुए बतौर दंडाधिकारी तैनात संतोषी मुर्मू ने बताया कि अंचल प्रशासन द्वारा बार-बार नोटिस के बाद भी अवैध अतिक्रमण नहीं हटाया जा रहा था। जिसके बाद यह कार्रवाई की गई है। उन्होंने बताया कि जो सरकारी जमीन का व्यवसायीकरण कर रहे थे उन्हें ही हटाया गया है, मकानों को नुकसान नहीं पहुंचाया गया है। इसके साथ ही मुझे जेएनएससी की ओर से चेतावनी दी गई कि जिन्होंने भी सरकारी जमीन पर अतिक्रमण किया है वह खुद ही उसे खाली कर दें अन्यथा शासन उनके अवैध निर्माण को तोड़ देगा।



सोनारी में अतिक्रमण हटाता बुलडोजर • फोटोन न्यूज

### सीबीएसई: 10वीं व 12वीं सप्लीमेंट्री परीक्षा के लिए आज से आवेदन शुरू

**Jamshedpur:** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) की 10वीं और 12वीं की सप्लीमेंट्री परीक्षा के लिए आवेदन 1 जून से शुरू हो जाएगा। केवल ऑनलाइन आवेदन होगा। जो स्टूडेंट्स बोर्ड परीक्षाओं के रिजल्ट से संतुष्ट नहीं हैं या फिर एक या दो विषयों में फेल हो गए हैं वे आवेदन कर सकते हैं। इस साल पटना जोन से लगभग 25 हजार बच्चे फॉर्म भरेंगे। इसमें से 500 बच्चे जमशेदपुर के हैं। बोर्ड की ऑफिशियल वेबसाइट www.cbse.gov.in पर आवेदन भरा जाएगा। सप्लीमेंट्री एग्जाम जुलाई में होगा। सीबीएसई ने नोटिस जारी किया है। हर विषय के लिए शुल्क होगा, जो 300 से लेकर 500 रुपए तक है।

## गेल ने सरायकेला व प. सिंहभूम में सीएनजी की कीमतों को घटाया

**PHOTON NEWS ADITYAPUR :** गेल गैस लिमिटेड ने नए घरेलू गैस मूल्य निर्धारण लाभों को पारित करने के लिए भारत सरकार के दिशानिर्देश के अनुरूप मूल्य निर्धारण तंत्र का पालन करते हुए झारखंड के सरायकेला-खरसावां जिले में सीएनजी की कीमतों में रु. 1.50/किग्रा की कमी की है जिले में 1 जून, 2023 से प्रभावी सीएनजी के नए दाम 89.50 रुपए प्रति किलो होंगे। अप्रैल 2023 के बाद यह दूसरी बार कीमत में कमी है, जिससे कुल कीमत में रुपये 7.5 रुपये प्रति किलो की कमी की गई है। पसंदीदा ईंधन के रूप में सीएनजी का उपयोग कार्बन फुटप्रिंट को कम करने और जीवन की गुणवत्ता में सुधार करने में योगदान देगा। गेल गैस आदित्यपुर में कंदरा, कुच्चीडीह और चौका,



प्रतीकात्मक तस्वीर

शंकरडीह और रंगमती, एनएच-33 और चाईबासा जैसे स्थानों पर 7 सीएनजी स्टेशनों का संचालन कर रही है। सीएनजी की उपलब्धता से स्वच्छ ईंधन सीएनजी पर पश्चिम बंगाल और ओडिशा की ओर भी लंबी दूरी की यात्रा को प्रोत्साहन मिल रहा है। सीएनजी जल्द ही 2 और सीएनजी स्टेशनों ऑटो क्लस्टर और गम्हरिया ऑटोमोबाइल्स, आदित्यपुर से भी उपलब्ध होगा । यह सरायकेला-खरसावां और पश्चिमी सिंहभूम जिले में सीएनजी नेटवर्क को और मजबूत करेगा और जमशेदपुर, कंदरा और सरायकेला आदि के बीच लंबी यात्राओं को प्रोत्साहित करेगा।

## टाटा स्टील के सुरक्षा पदाधिकारी जयराम सिंह की हत्या के मामले में अखिलेश सिंह व विक्रम सिंह बरी

### अभी अखिलेश को रहना होगा जेल में

• 15 साल बाद कोर्ट ने सुनाया फैसला, जयराम सिंह के परिजनों ने कहा हम इस फैसले को ऊपरी कोर्ट में देंगे चुनौती

**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR :** टाटा स्टील के सुरक्षा पदाधिकारी जयराम सिंह हत्याकांड में 15 साल बाद कोर्ट ने अपना फैसला सुना दिया है. इस मामले में कोर्ट ने दोनों मुख्य आरोपियों अखिलेश सिंह और विक्रम सिंह को बरी कर दिया है. मामले की सुनवाई करते हुए बुधवार को एडीजे-1 की अदालत ने दोनों को बरी कर दिया. मामले की जानकारी देते हुए अखिलेश सिंह और विक्रम सिंह के अधिवक्ता प्रकाश झा ने बताया कि इस मामले में कुल 16 लोगों की गवाही हुई थी. 17 मई को बहस पूरी हो गई थी, जिसके बाद कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रख लिया था. आज मामले की सुनवाई करते



अखिलेश सिंह व विक्रम सिंह की फाइल फोटो • फोटोन न्यूज

हुए दोनों को बरी कर दिया गया. विदित हो कि 4 अक्टूबर 2008 को साकची में टाटा स्टील के सुरक्षा अधिकारी जयराम सिंह की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी. मामले में अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कराया गया था. सुनवाई के दौरान कोर्ट ने बंटी जायसवाल और मनोरंजन सिंह को सजा सुनाई थी. हालांकि बंटी को हाईकोर्ट ने बरी कर दिया था, जबकि मनोरंजन सिंह को हाईकोर्ट ने नाबालिग पाया था. वहीं एक और आरोपी गौतम की मौत हो गई थी. इस फैसले के बाद दोनों आरोपियों के परिवार के सदस्यों ने राहत की सांस ली है. हालांकि इस मामले में बड़ी होने के बाद भी अखिलेश सिंह को अभी जेल में ही रहना पड़ेगा. क्योंकि उस पर अभी 2 दर्जन से अधिक मामले चल रहे हैं. जिसकी वजह से वह जेल में बंद है.

## पूर्वी सिंहभूम जिले में शिक्षकों की प्रोन्नति के लिए वरीयता सूची जारी

### 12 जून तक शिक्षक कर सकते हैं दावा-आपत्ति

• डीएसई कार्यालय ने जिला प्रशासन की वेबसाइट पर 2500 शिक्षकों की वरीयता सूची अपलोड की

**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR :** पूर्वी सिंघभूम जिले के प्राथमिक व मध्य विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों को अलग अलग ग्रेड में प्रोन्नति देने के लिए शिक्षा विभाग ने मास्टर वरीयता सूची जारी कर सूची जिला प्रशासन की वेबसाइट www.jamshedpur.nic.in पर अपलोड कर दिया है। इस सूची पर शिक्षकों को किसी भी प्रकार की शिकायत है तो वे अपना दावा आपत्ति 12 जून तक शिक्षा विभाग में दर्ज करा सकेंगे। विभाग ने स्पष्ट रूप से कहा है कि 12 जून के बाद दावा आपत्ति को स्वीकार्य नहीं किया जाएगा। विदित हो कि शिक्षकों को ग्रेड, 3, 4 व 7 में प्रोन्नति दी जानी है। ग्रेड 7 में प्रोन्नति पाने वाले शिक्षक हेडमास्टर बनेंगे। मालूम हो कि जिले में हेड मास्टरों के कुल 195 पद है और वर्तमान में सभी पद रिक्त है। इस सूची में जिले के सभी 2500 शिक्षकों का नाम शामिल है। इसमें जो अलग-अलग ग्रेड के लिए योग्य होंगे उन्हें वरीयता के आधार पर प्रोन्नति दी जाएगी। इस वरीयता सूची पर जो भी दावा आपत्ति आएगा साक्ष्य के साथ उसका निस्तारण कर कर विभाग फाइनल मेरा सूची जारी करेगा जिसके आधार पर शिक्षकों को प्रोन्नति दी जाएगी। विदित हो कि जिले में शिक्षक लंबे समय से प्रोन्नति की मांग कर रहे थे जो अब पूरी होने जा रही है।

### वर्ल्ड नो टोबैको डे

## तंबाकू के दुष्परिणामों के प्रति लोगों को किया जागरूक

**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR :** वर्ल्ड नो टोबैको डे के दिन जुबली पार्क रोड में अंतर्राष्ट्रीय मानवता अधिकार एवं मीडिया संगठन के जिला अध्यक्ष एसआरके कमलेश ने तंबाकू निषेध जागरूकता अभियान चलाया। तंबाकू के सेवन से मुंह एवं फेफड़ों में कैंसर की बीमारी होती है , अभियान के दौरान तंबाकू से होने वाली बीमारी नुकसान एवं दुष्परिणामों के प्रति समाज में जन चेतना विकसित करने के उद्देश्य के लिए जुबली पार्क रोड , कलसी रोड शीतल छाया चौराहा पर पोस्टर , पंपलेट (हैंड बिल) एवं नारो को लाउड स्पीकर के माध्यम से नशे के प्रति जागरूक किया. हम सब ने ठाना है. तंबाकू




छुड़ाना है. छोड़ो- छोड़ो बीड़ी गुटखा छोड़ो के नारे लगाए गए। कार्यक्रम संयोजक एसआरके कमलेश ने तंबाकू उत्पादों के उपयोग ना करने हेतु शपथ दिलाया एवं युवाओं से अपील की धूम्रपान छोड़ने के लिए तनाव नहीं लेना चाहिए। इस वर्ष 2023 की थीम हमें भोजन चाहिए, तंबाकू नहीं₹, इस पर जोर दिया , सिगरेट एंड अदर टोबेको प्रोडक्ट अधिनियम (कोटपा) सार्वजनिक स्थानों पर धूम्रपान निषेध है , कोटपा के नियमों का पालन कर तंबाकू पर नियंत्रण किया जा सकता है। अभियान में रियाजुद्दीन खान, उषा यादव, सुरेंद्र शर्मा, पूर्वी घोष,सविता सिंह, शिल्पी चक्रवर्ती , मधुमाला , मदन शर्मा, के लक्ष्मी चंद्रमोहन राजू राव इत्यादि ने अपनी भागीदारी निभाई।

## प्रतिष्ठित मंदिरों में हो भारतीय पारंपरिक परिधानों में प्रवेश

**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR :** ब्राह्मण युवा शक्ति संघ के संयोजक अप्पू तिवारी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि देश की सभ्यता और संस्कृति बचाने की कवायद हेतु ब्राह्मण युवा शक्ति संघ अभियान चलाएगी. इसके लिए पुजारी संग समन्वय स्थापित किया जाएगा. इस क्रम में भारतीय परिधानों में पूजा पाठ हेतु लोगो को जागरूक किया जाएगा ऐसा नहीं करने वाले लोगों पर मंदिरों में प्रवेश करने पर पाबंदी लगाई जाएगी. अप्पू तिवारी ने यह भी बताया कि अन्य धर्मों से सनातनियो को भी सिख लेनी चाहिए और इसमें आगे बढ़कर पहल करनी चाहिए साथ ही जिस तरह से भगवा गमछा का प्रचलन शहर में युवाओं के बीच एक नई पहचान बन गई है, वैसे ही धोती और कुर्ता अथवा साड़ी या सूट में ही मंदिर प्रवेश होगा अन्यथा



असमाजिक वेशभूषा जैसे कटी-फटी जिंस, स्कर्ट, शार्ट कपड़े एवम अंग प्रदर्शन उत्तेजक असभ्य अशोभनीय वस्त्र पहनकर मंदिर में प्रवेश पर रोक लगेगी. ऐसा करने पर ही धर्म व सभ्यता की रक्षा संभव हो पाएगी. भारतीय सभ्यता और संस्कृति की मिशाल विदेशो में भी दी जाती है और हम लोग उसे ही अपनाने में शरमाते है. इसे लेकर जल्द ही इसके लिए ब्राह्मण युवा शक्ति संघ की एक आवश्यक बैठक होगी और इस पर गंभीरता से विचार के बाद कार्य होगा.

### स्कूलों में हर महीने 2 से 3 एक्टिविटी आधारित कार्यक्रम आयोजित होंगे

# निजी स्कूलों की तर्ज पर अब शैक्षणिक कैलेंडर के अनुसार होगी सरकारी स्कूलों में पढ़ाई, एक्टिविटी आधारित शिक्षा पर जोर

**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR:** नई शिक्षा नीति का असर अब सरकारी स्कूलों पर भी देखने को मिल रहा है। यहां भी अब निजी स्कूलों की तरह शैक्षणिक कैलेंडर को लागू किया जा रहा है। इसी क्रम में स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग ने सभी सरकारी हाई स्कूलों के लिए एकेडमिक कैलेंडर तैयार किया है।

विभाग में इस कैलेंडर को सभी जिलों के डीईओ व डीएसई को भेजते हुए इसके अनुरूप ही सरकारी स्कूलों में पढ़ाई संचालित करने को कहा है। अगर इस कैलेंडर पर नजर डाले तो इसमें एक्टिविटी आधारित शिक्षा पर जोर दिया गया है। यही वजह है कि कैलेंडर में हर महीने दो से तीन ऐसे कार्यक्रम रखे गए हैं जो एक्टिविटी वेस्ट शिक्षा को प्रमोट करते हैं। सरकारी स्कूलों में ग्रीष्मावकाश की समाप्ति के बाद नए शैक्षणिक कैलेंडर के अनुसार पढ़ाई होगी। स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग ने कहा है कि कैलेंडर में दिया गया है कि किस महीने में कौन-कौन सी गतिविधियां स्कूलों में होगी। इसके लिए छात्र और शिक्षक पहले से ही तैयार रहेंगे तो कार्यक्रम बेहतर होगा।

**नए शैक्षणिक कैलेंडर के अनुसार इस प्रकार स्कूलों में आयोजित होंगे कार्यक्रम :** इस कैलेंडर के अनुसार 5 जून सोमवार से सरकारी स्कूलों के सत्र की शुरूआत होगी इसके बाद 6 जून को सभी स्कूलों में नामांकन प्रक्रिया शुरू की जाएगी। जबकि 7 जून को प्रयास कार्यक्रम का शुभारंभ होगा। 12 जून को पाठ्य पुस्तक वितरण समारोह होगा। 19 जून को नए एडमिशन लिए बच्चों का स्वागत किया जाएगा। 21 जून को विश्व योग दिवस का आयोजन सभी स्कूलों में किया जाएगा। एक जुलाई को बाल संसद का गठन सभी स्कूलों में किया जाएगा। तीन जुलाई को पोशाक वितरण समारोह का आयोजन किया जाएगा। छह जुलाई को स्कूल किट का वितरण होगा। 11 जुलाई को विश्व जनसंख्या दिवस पर चर्चा की जाएगी। 14 जुलाई को कोलॉज निर्माण का क्लास होगा। 17 जुलाई को पौधरोपण सप्ताह मनाया जाएगा। 19 जुलाई को किचन गार्डेन को सुसज्जित किया जाएगा। 09 अगस्त को विश्व आदिवासी दिवस पर चर्चा की जाएगी। 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस समारोह होगा। 22 अगस्त को शिक्षक-अभिभावक दिवस का आयोजन किया जाएगा। 29 अगस्त को राष्ट्रीय खेल दिवस पर खेल का आयोजन किया जाएगा। एक सितंबर को स्वच्छता पखवाड़ा का शुभारंभ होगा। पांच सितंबर को शिक्षक दिवस मनाया जाएगा। आठ सितंबर को विश्व साक्षरता दिवस पर चर्चा होगी। छह अक्टूबर को रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। 17 अक्टूबर को विद्यालय सफाई कार्यक्रम होगा। राष्ट्रीय एकता दिवस पर सुबह की सभा में चर्चा होगी।




### 2024 में आयोजित होने वाले कार्यक्रम

सरकारी स्कूलों में 10 जनवरी 2024 को शिशु पंजी को अपडेट किया जाएगा। 24 जनवरी अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस पर सुबह की सभा में चर्चा की जाएगी। 12 फरवरी को सड़क सुरक्षा सप्ताह पर चर्चा की जाएगी। 22 फरवरी को शिक्षक-अभिभावक बैठक होगी। 28 फरवरी को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस का आयोजन किया जाएगा। 22 मार्च को विश्व जल सरंक्षण पर चर्चा होगी। 28 मार्च को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस का आयोजन किया जाएगा। छह अप्रैल को विश्व स्वास्थ्य दिवस पर चर्चा होगी। 22 अप्रैल को विश्व पृथ्वी दिवस पर चर्चा की जाएगी। 27 अप्रैल को परीक्षाफल का प्रकाशन होगा। दो मई से नए सत्र की शुरूआत हो जाएगी। तीन मई को विश्व उर्जा दिवस पर चर्चा होगी। 25 जून से गर्मी की छुट्टी शुरू हो जाएगी।

**एक नवंबर को कविता प्रतियोगिताः** एक नवंबर को सभी स्कूलों में कविता प्रतियोगिता होगी। 10 नवंबर को रंगोली प्रतियोगिता, 11 नवंबर शिक्षक दिवस पर चर्चा, 16 नवंबर को बाल दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। 22 नवंबर को शिक्षक-अभिभावक की बैठक होगी। दो दिसंबर को विश्व दिव्यांग दिवस के लिए चर्चा होगी।

आठ दिसंबर को हस्त शिल्प सप्ताह, 14 दिसंबर को विज्ञान मेला का आयोजन किया जाएगा। 22 दिसंबर को खेलो झारखंड तथा गणित दिवस का आयोजन किया जाएगा। 26 दिसंबर से पांच जनवरी 2024 तक शीतकालीन अवकाश दिया जाएगा।

# पर्दे के पीछे रहकर राष्ट्र निर्माण करते रहे ए.एम. नाईक

मीडिया की सुर्खियों से दूर रहकर चुपचाप राष्ट्र निर्माण में बहुमूल्य योगदान देने वाले कई दिग्गजों को लेकर देश-समाज लगभग अनभिज्ञ सा ही रहता है। उनमें ही एएम नाईक भी हैं। उनकी सरपरस्ती में लार्सन एंड टुब्रो कंपनी (एलएंडटी) देश के कोने-कोने में सड़क, पुल और दूसरे तमाम बड़े इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्टों पर काम कर रही है। इसी ने आगामी सितंबर महीने में राजधानी में आयोजित होने वाले जी-20 शिखर सम्मेलन के लिए प्रगति मैदान को नए सिरे से नये खूबसूरत कलेवर में विकसित किया है। यहाँ बने कन्वेंशन सेंटर में ही शिखर सम्मेलन का आयोजन होना है, जिसमें 20 देश के राष्ट्राध्यक्ष भाग लेंगे। ये सारा काम नाईक जी की देखरेख में ही पूरा हुआ। बीते कुछ समय पहले घोषणा की गई नाईक 30 सितंबर 2023 के बाद एलएंडटी समूह के गैर-कार्यकारी अध्यक्ष का पद भी छोड़ देंगे। इसके बाद वे एलएंडटी के मात्र मानद अध्यक्ष के रूप में ही कामों को देखेंगे। रतन टाटा और शिव नाडार भी अब टाटा ग्रुप तथा एचसीएल टेक्नोलॉजीज के मानद अध्यक्ष ही हैं। आप जानते हैं कि मानद अध्यक्ष के अनुभव का लाभ कंपनियां तो उठाती हैं। रतन टाटा ने 2017 में टाटा समूह के चेयरमेन पद को छोड़ दिया था। वे तब से टाटा समूह के मानद अध्यक्ष हैं। वे रोजमर्रा के कामकाज से तो अपने को अलग कर चुके हैं। पर अभी भी टाटा समूह अपने अहम फैसले लेते हुए उनके अनुभव का लाभ तो उठाता है। अनुभव का कोई विकल्प भी नहीं होता है। टाटा समूह ने एयर इंडिया का अधिग्रहण कर लिया। माना जाता है कि रतन टाटा भी चाहते थे उनका समूह एयर इंडिया का अधिग्रहण कर ले। आखिर एयर इंडिया पहले टाटा समूह के पास ही थी। इसलिए टाटा समूह एयर इंडिया को लेकर भावनात्मक रूप से जुड़ा हुआ भी था। दरअसल नाईक उन मूल्यों को प्रतिबिंबित करते हैं जिनमें व्यावसायिकता, उद्यमशीलता और सभी हितधारकों के हितों को आगे बढ़ाने को लेकर एक प्रतिबद्धता का मिला जुला भाव होता है। उनके नेतृत्व में एलएंडटी ने कई चुनौतियों का सामना किया और लाभदायक विकास पर अधिक ध्यान देने के साथ हर बार मजबूत बनकर उभरी। बेशक, नाईक भारत के कॉरपोरेट जगत के सबसे सफल और सम्मानित नाम रहे। नाईक उनमें से नहीं थे जो अपनी कुर्सी से चिपके रहना पसंद करते। उन्होंने वक्त रहते ही एलएंडटी में अपने संभावित उत्तराधिकारियों को तैयार कर शुरू दिया था। ये तो सबको पता है कि हरेक व्यक्ति के सक्रिय करियर की आखिरकार एक उम्र है। उसके बाद उसे अपने पद को छोड़ना ही है, खुशी-खुशी छोड़े या मजबूरी में छोड़ना पड़े। इसलिए बेहतर होगा कि किसी कंपनी का प्रमोटर, चेयरमेन या किसी संस्थान का जिम्मेदार पद पर आसीन शख्स अपना एक या एक से अधिक उत्तराधिकारी तैयार कर ले। बेहतर उत्तराधिकारी मिलने से किसी कंपनी या संस्थान की ग्रोथ प्रभावित नहीं होती। सत्ता का हस्तांतरण बिना किसी संकट या व्यवधान के हो जाता है। आप कंपनी को मेंटर या संरक्षक के रूप में शिखर या कहें कि चेयरमेन के पद से हटने के बाद भी सलाह तो दे ही सकते हैं। अगर नाईक के करियर पर नजर दौड़ाएं तो वे 1965 में एलएंडटी में एक जूनियर इंजीनियर के रूप में शामिल हुए। नाईक ने तेजी से बढ़ती जिम्मेदारी के पदों पर कदम रखा। वे महाप्रबंधक से प्रबंध निदेशक और सीईओ भी बन गए। उन्हें एलएंडटी का 29 दिसंबर, 2003 को अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक बनाया गया। वे 2012 से 2017 तक एलएंडटी के समूह कार्यकारी अध्यक्ष थे। अक्टूबर 2017 में, उन्होंने कार्यकारी जिम्मेदारियों से अलग हटकर समूह अध्यक्ष नियुक्त किया गया। उन्हीं के प्रयासों से एलएंडटी ने मिसाइलों और हथियार प्रणालियों के डिजाइन, विकास और निर्माण में नेतृत्व की स्थिति संभाली और रक्षा अनुसंधान एवं विकास और अंतरिक्ष अनुसंधान के क्षेत्र में लंबी छलांग लगाई। अगर बात थोड़ी हटकर करें तो हमें महेन्द्र सिंह धोनी के रूप में एक शानदार कप्तान मिला। उन्होंने भारतीय क्रिकेट को जीतना सिखाया। वे संकट के पलों में भी शांत रहा करते थे। बैंकिंग की दुनिया पर नजर रखने वालों को आदित्य पुरी का नाम बहुत अच्छे से पता है। उन्होंने एचडीएफसी बैंक को बनाया और खड़ा किया। उसकी गिनती देश के सर्वश्रेष्ठ बैंकरों में होती है। लंबे समय तक एचडीएफसी बैंक का नेतृत्व करने के बाद पुरी रिटायर हो गए। लेकिन, उन्होंने अपने कई योग्य उत्तराधिकारी तैयार कर लिए। उन्हें नेतृत्व के गुण समझाए-सिखाए। इसलिए वहां सत्ता का हस्तातंरण मजे से हो गया। पुरी के जाने के बाद भी एचडीएफसी बैंक आगे बढ़ रहा है। दरअसल किसी परिवार से लेकर संस्थान की पहचान उसके मुखिया से होती है। अब अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) को ही ले लीजिए। वहां डॉ. रणदीप गुलेरिया निदेशक रहे। डॉ. गुलेरिया ने अपने पद पर रहते हुए शानदार काम किया। उन्हें सारा देश जानता है, क्योंकि सारे देश को एम्स की क्षमताओं पर भरोसा है। एम्स को एक श्रेष्ठ संस्थान के रूप में किसने खड़ा किया? उस महान डाक्टर, शिक्षक और प्रशासक का नाम था- डॉ.बीबी दीक्षित। एम्स 1956 में बना तो सरकार ने डॉ. दीक्षित को इसका पहला निदेशक का पदभार संभालने की पेशकश की। दीक्षित किसी के दबाव में काम नहीं करते थे। डॉ. दीक्षित ने एम्स में चोटी के प्रोफेसरों और डाक्टरों को जोड़ा। वे हरेक नियुक्ति मेरिट पर करते थे। वे लगातार एम्स में रिसर्च करने वालों को प्रोत्साहित करते थे। उनकी प्रशासन पर पूरी पकड़ रहा करती थी। दरअसल, शिखर पर बैठे इंसान को सत्य और न्याय का साथ देना ही होगा।

# सेवा, सुशासन और विकास को समर्पित मोदी सरकार

ANALYSIS



डॉ. सौरभ मालवीय

वर्ष 2014 के लोकसभा चुनाव में भाजपा ने 282 सीटों पर विजय प्राप्त की थी। इस चुनाव की विशेषता यह थी कि तीन दशक के पश्चात किसी पार्टी को पूर्ण बहुमत प्राप्त हुआ था। इसके पश्चात वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा ने 303 सीटों पर विजय प्राप्त की, जो किसी पार्टी द्वारा जीती गईं सर्वाधिक सीटें थीं। नरेन्द्र मोदी जब प्रथम बार प्रधानमंत्री बने थे, तब देश के केवल सात राज्यों में भाजपा की सरकार थी। गुजरात, राजस्थान, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ एवं गोवा में भाजपा के मुख्यमंत्री थे, जबकि पंजाब में शिरोमणि अकाली दल एवं आंध्र प्रदेश में टीडीपी के साथ भाजपा सत्ता में भागीदार थी। वर्ष 2018 में भाजपा अपने शीर्ष पर थी। उस समय 21 राज्यों में भाजपा और उसकी सहयोगी पार्टियां सत्ता में थीं। इससे यह बात सिद्ध होती है कि मोदी जी के विराट एवं प्रभावशाली व्यक्तित्व एवं कुशलता के कारण ही आज भाजपा सत्ता के केंद्र में बनी हुई है। वास्तव में राज्यों में भाजपा को सत्ता में लाने में भी मोदी जी ने अथक परिश्रम किया है। यह बात भी उल्लेख करने के योग्य है कि नरेन्द्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के पश्चात देश में विपक्ष नाम की वस्तु भी प्रायः लुप्त हो गई। देश में सबसे अधिक समय तक शासन करने वाली कांग्रेस भी सिकुड़ती गई।

भारतीय राजनीति में सबका साथ सबका विकास का नारा देकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भारतीय राजनीति में अपनी विशेष पहचान बनाने में सफल रहे हैं। पार्टी की मजबूती की बात करें, तो नरेंद्र मोदी ने भारतीय जनता पार्टी को राष्ट्रीय स्तर पर खड़ा करने में अद्भुत परिश्रम किया है। पूरे देश में सभी स्तर के चुनावों का संचालन करने में नरेंद्र मोदी ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने भाजपा के पितृ पुरुषों की परंपरा को आगे बढ़ाते हुए पार्टी का विस्तार किया तथा इसका जनाधार बढ़ाया। भारतीय जनता पार्टी आज देश में प्रथम स्थान की पार्टी है। साथ ही यह विश्व में सबसे अधिक सदस्यता वाली राजनीतिक पार्टी के रूप में जानी जाती है। मोदी सरकार ने अपने 9 साल के कार्यकाल में गौरवशाली भारत से आधुनिक भारत तक की यात्रा को मजबूती प्रदान की है।

### चरैवेति चरैवेति भाजपा का यात्रा मंत्र

उल्लेखनीय है कि वर्ष 1984 में भाजपा के लोकसभा में केवल दो ही सदस्य थे। वर्ष 2014 के लोकसभा चुनाव में भाजपा ने 282 सीटों पर विजय प्राप्त की थी। इस चुनाव की विशेषता यह थी कि तीन दशक के पश्चात किसी पार्टी को पूर्ण बहुमत प्राप्त हुआ था। इसके पश्चात वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा ने 303 सीटों पर विजय प्राप्त की, जो किसी पार्टी द्वारा जीती गईं सर्वाधिक सीटें थीं। नरेन्द्र मोदी जब प्रथम बार प्रधानमंत्री बने थे, तब देश के केवल सात राज्यों में भाजपा की सरकार थी। गुजरात, राजस्थान, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ एवं गोवा में भाजपा के मुख्यमंत्री थे, जबकि पंजाब में शिरोमणि अकाली दल एवं आंध्र प्रदेश में टीडीपी के साथ भाजपा सत्ता में भागीदार थी। वर्ष 2018 में भाजपा अपने शीर्ष पर थी। उस समय 21 राज्यों में भाजपा और उसकी सहयोगी पार्टियां सत्ता में थीं। इससे यह बात सिद्ध होती है कि मोदी जी के विराट एवं प्रभावशाली व्यक्तित्व एवं कुशलता के कारण ही आज भाजपा सत्ता के केंद्र में बनी हुई है। वास्तव में राज्यों में भाजपा को सत्ता में लाने में भी मोदी जी ने अथक परिश्रम किया है। यह बात भी उल्लेख करने के योग्य है कि नरेन्द्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के पश्चात देश में विपक्ष नाम की वस्तु भी प्रायः लुप्त हो गई। देश में सबसे अधिक समय तक शासन करने वाली कांग्रेस भी सिकुड़ती गई। देश ही नहीं, अपितु उन सभी राज्यों की यही स्थिति है जहां भाजपा सत्ता में है। कोई भी पार्टी भाजपा के समक्ष खड़ा होने में सक्षम प्रतीत नहीं हो रही है। मोदी जी के सुशासन एवं कौशल्य के समक्ष सभी पार्टियां धराशायी हुई पड़ी हैं। विपक्ष के पास ऐसा कोई मुद्दा नहीं है, जिससे वह सत्ताधारी पार्टी को घेर सके। वामपंथी पार्टियां भी लुप्त सी हो चुकी हैं।

### ऐतिहासिक निर्णय लेने वाले प्रधानमंत्री

नरेंद्र मोदी देश के ऐसे प्रधानमंत्री हैं, जिन्होंने बिना किसी भय के ऐतिहासिक निर्णय लेकर सबको चकित कर दिया। यह उनके निर्भीक व्यक्तित्व का ही प्रमाण है कि उनकी सरकार ने अनुच्छेद-370 और अनुच्छेद-35अ को निरस्त कर दिया। इसके कारण जम्मू और कश्मीर का देश के शेष भागों के साथ पूर्ण एकीकरण हो गया। लगभग 70 वर्षों तक इस अस्थायी अनुच्छेद ने जम्मू-कश्मीर और लद्दाख के लोगों को उनके मूलभूत अधिकारों से वंचित कर दिया था। ये दोनों अनुच्छेद क्षेत्र के विकास में बड़ी बाधा थे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्र को संबोधित करते हुए कहा था कि अनुच्छेद-370 ने जम्मू-कश्मीर को दशकों तक केवल आतंकवाद, अलगाववाद, भ्रष्टाचार और परिवारवाद दिया। यह अनुच्छेद हटने के पश्चात पूर्ण विश्वास है कि केंद्र शासित जम्मू-कश्मीर और लद्दाख विकास की राह पर तेजी से आगे बढ़ेंगे।

### राममंदिर निर्माण में भूमिका

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भगवान श्रीराम की जन्मस्थली अयोध्या में राम मंदिर निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने अयोध्या में राम जन्मभूमि पर राममंदिर का शिलान्यास किया था। राममंदिर के निर्माण के लिए भूमि पूजन के पश्चात यह प्रथम अवसर था, जब मोदी जी अयोध्या आए थे। उन्होंने राममंदिर के निर्माण कार्यों में विशेष रुचि ली तथा कार्यों का निरीक्षण भी किया। वह कार्य की प्रगति की समय- समय पर जानकारी लेते रहे। उल्लेखनीय है कि नरेंद्र मोदी ने लालकृष्ण आडवाणी द्वारा प्रारम्भ की गई रथयात्रा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। उन्होंने गुजरात में रथ यात्रा का नेतृत्व किया था। उन्होंने राम जन्मभूमि आन्दोलन के समय गांव-गांव घूमकर आन्दोलन के लिए समर्थन जुटाया था। उन्होंने हस्ताक्षर अभियान में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। उनके प्रयासों के कारण ही अयोध्या में राममन्दिर निर्माण का कार्य प्रारम्भ हो सका।

### धर्म-संस्कृति का संरक्षण एवं प्रोत्साहन

पीएम मोदी ने देश की धार्मिक एवं सांस्कृतिक महत्व की ऐतिहासिक धरोहरों के सौन्दर्यीकरण का संकल्प लिया है। इस कड़ी में उन्होंने भगवान शंकर की नगरी काशी को भव्यता प्रदान करने के लिए अनेक महत्वपूर्ण कार्य किए हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का कहना है कि काशी के बाबा विश्वनाथ मंदिर में श्रद्धालुओं का स्वागत इस प्रकार हो कि वे बार-बार यहां आने के लिए उत्साहित हों तथा वे अन्य लोगों को भी प्रोत्साहित करें। उन्होंने काशी में बाबा विश्वनाथ मंदिर कॉरिडोर की नींव रखकर इसका कार्य प्रारंभ करवाया। वे देशभर के ऐतिहासिक एवं धार्मिक महत्त्व वाले स्थलों का जीर्णोद्धार करवा रहे हैं तथा इसके साथ ही धार्मिक स्थलों के विकास एवं सौन्दर्यीकरण पर विशेष ध्यान दे रहे है। केदारनाथ का पुनर्निर्माण कार्य तीव्र गति से चल रहा है। बद्रीनाथ में भी नए मास्टर प्लान के अंतर्गत कार्य चल रहा है। ये धार्मिक स्थल हमारे देश की गौरवशाली संस्कृति के प्रतीक हैं। ये भविष्य में हमारी संस्कृति को जीवित रखने का माध्यम हैं, ये संस्कृति के संवाहक भी हैं।

### जनकल्याण के कार्य

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी देश के अंतिम व्यक्ति तक के जीवन को सुखी एवं समृद्ध देखने के अभिलाषी हैं। इसके लिए वे निरंतर प्रयासरत हैं। उनके शासन में देश ने प्रायः सभी क्षेत्रों में उन्नति की है। कृषि, उद्योग, रोजगार, आवास, परिवहन, विद्युत, पेयजल, शिक्षा, चिकित्सा, विज्ञान, सुरक्षा व्यवस्था, धर्म, संस्कृति एवं पर्यावरण आदि क्षेत्रों में मोदी सरकार ने सराहनीय एवं प्रशंसनीय कार्य किए हैं। छात्रों को छात्रवृत्ति प्रदान की जा रही है। वृद्धजन, विधवा एवं दिव्यांगजन को पेंशन के रूप में आर्थिक सहायता प्रदान की जा रही है। सरकार द्वारा अनाथ बच्चों के भरण-पोषण की भी व्यवस्था की गई है। जिन परिवारों में कोई कमाने वाला व्यक्ति नहीं है, सरकार उन्हें भी वित्तीय सहायता उपलब्ध करवा रही है। निर्धन परिवार की लड़कियों एवं दिव्यांगजन के विवाह लिए अनुदान प्रदान किया जा रहा है। निराश्रित गौवंश के संरक्षण पर भी सरकार विशेष ध्यान दे रही है। सरकार प्रदूषण नियंत्रण के क्षेत्र में भी कार्य कर रही है, ताकि लोगों को स्वच्छ वातावरण मिल सके। स्वच्छता पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है। भयावह कोविड महामारी के समय देश के लगभग 80 करोड़ लोगों को राशन उपलब्ध करवाना, पीड़ितों को चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध करवाना तथा सभी देशवासियों को कोविड से सुरक्षित रखने के लिए टीकाकरण अभियान चलाना आदि ऐसे कार्य हैं, जो मोदी सरकार की सफलता को दर्शाते हैं।

### जनसंपर्क अभियान

भाजपा द्वारा मोदी सरकार की उपलब्धियों से जनता को परिचित करवाने के लिए 30 मई से 30 जून तक जनसंपर्क अभियान चलाया जा रहा है। जनसंपर्क अभियान के अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। पार्टी ने कार्यकताओं से अपील की है कि वे इसमें बढ़ चढ़कर भाग लें। इस बात में कोई दो मत नहीं है कि नरेन्द्र मोदी के शासन काल में भारतीय संस्कृति को उसका खोया हुआ गौरव वापस मिल रहा है। अपने 9 साल के कार्यकाल में मोदी सरकार ने विश्व में देश का नाम बढ़ाया है। देश ही नहीं, अपितु वैश्विक स्तर पर मोदी जी के कार्यों की सराहना हो रही है।

**(लेखक, माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विवि. में सहायक प्राध्यापक हैं।)**

# कट्टरपंथियों के दुश्मन थे वीर शिवाजी

भारत के वीर सपूतों में से एक श्रीमंत छत्रपति शिवाजी महाराज को सभी जानते हैं। बहुत से लोग उन्हें हिन्दू हृदय सम्राट कहते हैं तो कुछ लोग मराठा गौरव। जबकि उन्हें भारतीय गणराज्य का सबसे बड़ा महानायक कहा जाए तो गलत नहीं होगा। छत्रपति शिवाजी महाराज का जन्म 19 फरवरी 1630 में एक हिन्दू परिवार में हुआ। कुछ लोग 1627 में उनका जन्म बताते हैं। उनका पूरा नाम शिवाजी भोंसले था। पिता शाहजी और माता जीजाबाई के पुत्र थे वीर शिवाजी महाराज। उनका जन्म स्थान पुणे के पास स्थित शिवनेरी का दुर्ग है। राष्ट्र को विदेशी, कट्टरपंथी और आततायी राज्य-सत्ता से स्वाधीन करा कर सारे भारत में एक सार्वभौम स्वतंत्र शासन स्थापित करने का एक सफल प्रयत्न स्वतंत्रता के अनन्य पुजारी वीर प्रवर शिवाजी महाराज ने किया था। इसी प्रकार उन्हें एक अग्रगण्य वीर एवं अमर स्वतंत्रता-सेनानी स्वीकार किया जाता है। महाराणा प्रताप की तरह वीर शिवाजी राष्ट्रीयता के जीवंत प्रतीक एवं परिचायक हैं। कुछ नासमझ शिवाजी पर मुस्लिम विरोधी होने का दोषारोपण करते रहे हैं, पर यह सत्य इसलिए नहीं क्योंकि उनकी सेना में तो अनेक मुस्लिम सेनानी थे ही, अनेक मुस्लिम सरदार और सूबेदार भी थे। वास्तव में शिवाजी का सारा संघर्ष उस कट्टरता और उद्दंडता के विरुद्ध था, जिसे औरंगजेब जैसे शासकों और उसकी छत्रछाया में पलने वाले लोगों ने अपना रखा था। 1674 की ग्रीष्म ऋतु में शिवाजी ने धूमधाम से सिंहासन पर बैठकर स्वतंत्र प्रभुसत्ता की नींव रखी। दबी-कुचली हिन्दू जनता को उन्होंने भयमुक्त किया। हालांकि ईसाई और मुस्लिम शासक बल प्रयोग के जरिए बहुसंख्य जनता पर अपना मत थोपते, अतिरिक्त कर लेते थे, जबकि शिवाजी के शासन में इन दोनों संप्रदायों के आराधना स्थलों की रक्षा ही नहीं की गई बल्कि धर्मान्तरित हो चुके मुसलमानों और ईसाइयों के लिए भयमुक्त माहौल भी तैयार किया। शिवाजी ने अपने आठ मंत्रियों की परिषद के जरिए छह वर्ष तक शासन किया। उनके प्रशासन तंत्र में कई मुसलमान भी शामिल थे। शिवाजी वो राजा थे जो सभी धर्मों का सम्मान करते थे। उन्होंने अपने प्रशासन में मानवीय नीतियाँ अपनाई, जो किसी धर्म पर आधारित नहीं थी। स्वयं शिवाजी के दादा मालोजीराव भोसले ने सूफी संत शाह शरीफ के सम्मान में अपने बेटों को नाम शाहजी और शरीफजी रखा था। उनकी थलसेना और जलसेना में सैनिकों की नियुक्ति के लिए धर्म कोई मानदंड नहीं था और इनमें एक तिहाई मुस्लिम सैनिक थे। उनकी नौसेना की कमान सिद्दी संबल के हाथों में थी और सिद्दी मुसलमान उनकी नौसेना में बड़ी संख्या में थे। जब शिवाजी आगरा के किले में नजरबंद थे तब कैद से निकल भागने में जिन दो व्यक्तियों ने उनकी मदद की थी उनमें से एक मुसलमान था, उनका नाम मदारी मेहतर था। उनके गुप्तचर मामलों के सचिव मौलाना हैदर अली थे और उनके तोपखाने की कमान इब्राहिम खान के हाथों में थी। शिवाजी सभी धर्मों का सम्मान करते थे और उन्होंने ह्यहजरत बाबा याकूत थोरवालेह्ल को ताउम्र पेंशन देने का आदेश दिया था तो फादर एंब्रोज की भी उस वक्त मदद की जब गुजरात स्थित उनके चर्च पर आक्रमण हुआ था। शिवाजी ने अपनी राजधानी रायगढ़ में अपने महल के ठीक सामने मुस्लिम श्रद्धालुओं के लिए पूजास्थल का ठीक उसी तरह निर्माण करवाया था जिस तरह से उन्होंने अपनी पूजा के लिए जगदीश्वर मंदिर बनवाया था। शिवाजी ने अपने सैनिक कमांडरों को ये स्पष्ट निर्देश दे रखा था कि किसी भी सैन्य अभियान के दौरान मुसलमान महिलाओं और बच्चों के साथ कोई दुर्व्यवहार न किया जाए। मस्जिदों और दरगाहों को समुचित सुरक्षा दी गई थी। उनका ये भी आदेश था कि जब कभी किसी को कुरान की प्रतिलिपि मिले तो उसे पूरा सम्मान दिया जाए और मुसलमानों को सौंप दिया जाए। बसाई के नवाब की बहू को शिवाजी के द्वारा सम्मान देने की कहानी बड़ी प्रसिद्ध है। जब उनके सैनिक लूट के सामान के साथ नवाब की बहू को भी लेकर आए थे तो शिवाजी ने उस महिला से पहले तो माफी मांगी और फिर अपने सैनिकों की सुरक्षा में उसे उनके महल तक वापस पहुंचवाया। जब अफजल खान ने उन्हें अपने तंबू में बुलाकर मारने की योजना बनाई थी तो शिवाजी को एक मुसलमान, रुस्तमे जमां ने आगाह कर दिया था, जिन्होंने शिवाजी को एक लोहे का पंजा अपने साथ रखने की सलाह दी थी। वीर शिवाजी का एक धेय था, कट्टरपंथियों से मुल्क आजाद हो। सभी के धर्म, कर्म, संस्कृति और परंपरा का सम्मान हो। जोर के बल पर धर्म परिवर्तन न किया जाये। स्वतंत्र पूजा का अधिकार हो। पर अजब विडंबना है इस देश की जिन्होंने मंदिरों को तोड़ा है, लूटा है, बहन बेटियों के साथ दुराचार किया है उसे आजाद भारत के इतिहासकारों ने महिमामंडित किया। भले ही सेक्युलरिज्म का पाठ 1975 से लिखित पढ़ाया जा रहा है पर सदियों से यह हर भारतीय के खून में है। शिवाजी ने कट्टरपंथियों से 200 से ज्यादा लड़ाइयां जीती हैं पर कहीं भी उनके मजहब के प्रतीक को नुकसान नहीं किया, ध्वस्त नहीं किया, लूटपाट नहीं की। इससे उलट औरंगजेब जैसे कट्टरपंथियों ने हिन्दू धर्मस्थल तोड़े, हिन्दू बहन-बेटियों को बेआबरू किया, तलवार की नोंक पर इस्लाम कबूल कराया है, जिन्होंने इस्लाम कबूल नहीं किया उनके सिर धड़ से अलग कर दिए गए। 'जाणता राजा' वीर शिवाजी की गाथा है जो बड़े पैमाने पर महाराष्ट्र का लोकप्रिय मंचन है, जो अब देश के विभिन्न कोनों में भी देखा जा रहा है। लाखों लोगों ने इस मंचन को सराहा है।इस नाटक के मंचन को देख महसूस होगा कि वर्तमान में हम शिवाजी के उस काल को साक्षात देख रहे हैं।

## Social Media Corner

सच के हक में...



प्रोजेक्ट भवन में राज्य सरकार द्वारा कैबिनेट से स्वीकृत और शिलान्यास किये गए विभिन्न विभागों के कई परियोजनाओं की जोहार परियोजना पोर्टल के तहत समीक्षा की। बैठक में उपस्थित अधिकारियों और पदाधिकारियों को परियोजनाओं में तेजी लाने तथा गुणवत्ता के साथ ससमय उन्हें पूर्ण करने का निर्देश दिया।

**(सीएम हेमंत सोरेन के ट्विटर अकाउंट से)**



दुमका में करीब एक साल पहले ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल विभाग में 1.42 करोड़ का गबन हुआ था।इस मामले में छोटे कर्मचारी जेल में बंद है,अधिकारी मस्त हैं। इधर छात्रावासों के मरम्मत और जीर्णोद्धार के नाम पर 1.81 करोड़ का टेंडर निकाला गया है।टेंडर होने से पहले ही कई हॉस्टल का काम हो चुका है।एक-एक हॉस्टल के मरम्मत का 45-45 लाख का टेंडर निकला है। ठेकेदार और इंजीनियर के गठजोड़ से हो रहे सरकारी राशि के दुरूपयोग, बंदरबांट और लूट को कौन संरक्षण दे रहा है। दुमका में हुए 1.42 करोड़ के गबन मामले की सरकार ने एसीबी जांच कराना मुनासिब नहीं समझा। दुमका पुलिस इस मामले में एआईआर दर्ज करने वाले कर्मचारी को ही जेल भेज चुकी है।गबन के रुपये भी बरामद नहीं हुए। ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल वही विभाग है जिसके चीफ इंजीनियर रहे वीरेंद्र राम अभी जेल में है।ईडी मनी लॉन्ड्रिंग मामले की जांच कर रही है। ईडी को जांच का दायरा दुमका तक बढ़ाना चाहिए ताकि गबन में संलिप्त असली घोटालेबाजों पर कार्रवाई हो सके।मैं शुरू से कहते रहा हूं कि झारखंड में एक वीरेंद्र राम नहीं है। एक-एक जिले में कई-कई वीरेंद्र राम हैं।

**(पूर्व सीएम बाबूलाल मरांडी के ट्विटर अकाउंट से)**

# क्रूरता की हद

दिल्ली के शाहबाद डेरी इलाके में बीते रविवार एक किशोरी की क्रूरता से की गई हत्या ने पूरे देश को झकझोरा है। निस्संदेह, घटना स्तब्ध करने वाली है लेकिन इस वारदात का दूसरा दुखद पहलू घटना के वक्त पास से गुजरते लोगों का गैरजिम्मेदार व्यवहार है। समाज कितना संवेदनहीन हो चला है कि वहशी दरिंदा किशोरी पर सरेआम चाकू से वार पर वार करता रहा और गुजरते लोग मूकदर्शक बने रहे। अपराधी का मन दर्जनों चाकू के वार करने पर भी नहीं रुका और पत्थर से उसका चेहरा कुचलकर भाग गया। सीसीटीवी कैमरे में दर्ज हृदयविदारक घटना हत्याकांड की भयावहता को उजागर करती है। विडंबना है कि हमारा समाज कितना संवेदनहीन हो चला कि सरेराह निर्ममता से एक बेटी का कत्ल हो रहा होता है और समाज के भीरू लोग ऐसे गुजर रहे थे जैसे कुछ हुआ ही नहीं है। काश, एक-दो लोग अपराधी को चुनौती देते और उसका किसी तरह मुकाबला करते तो एक बेटी की जान बच सकती थी। लेकिन लोग आम दिनों की तरह चलते रहे। हो सकता है कि कुछ लोग अपने मोबाइल में घटना को कैद करते रहे हों। आखिर लोग क्यों नहीं सोचते कि हिंसा की यह आग एक दिन उनके अपनों को भी लील सकती है। कहा जा रहा है कि गुनहगार युवक दो साल से इस लड़की के संपर्क में था। किसी हकीकत का भान होने पर लड़की ने उससे दूरी बना ली थी। लेकिन इंसान के नाम पर वहशी दरिंदा कितना हैवान था कि कभी जिस लड़की से प्रेम करने का प्रपंच करता रहा, उसे ही जानवरों की तरह काट दिया। क्या कभी किसी कथित प्रेम संबंध की परिणति ऐसी भयावह हो सकती है? यह नये दौर का वीभत्स प्रेम है कि मन की न हो तो प्रेमिका के टुकड़े-टुकड़े कर दो। देश कुछ समय पहले दिल्ली के हुए श्रद्धा हत्याकांड को नहीं भूला है, जिसमें सहजीवन में रह रही युवती के उसके ही साथी ने पैंतीस टुकड़े करके जंगल में फेंक दिये थे। विडंबना है कि ऐसी ही क्रूर घटनाएं शेष देश से भी गाहे-बगाहे सुनने को मिलती रहती हैं। घटनाएं तमाम तरह की सामाजिक विद्रूपताओं पर सवाल उठा रही हैं। सोशल मीडिया पर जो अपसंस्कृति की बाढ़ आई है वह हमारे युवाओं को लील रही है। सवाल यह भी उठाया जा रहा है कि चौदह साल की उम्र में शुरू हुए अपरिपक्व प्रेम की परिणति क्या हो सकती है? जीवन में प्रेम व संबंधों का आधार परिपक्वता भी होता है। सभी अभिभावक भी चाहते हैं कि बच्चे अपने जीवन के फैसले उस अवस्था में लें जब उनमें परिपक्वता आ जाये। वे आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर हों। भारतीय परंपराओं में मां-बाप द्वारा जीवन साथी तय करने का मकसद भी यही था कि कहीं बेटी का कोई कदम उसके जीवन को खतरे में न डाल दे। यदि इसके बावजूद रिश्ते में कोई ऊंच-नीच हो भी तो परिवार उसके लिये एक ताकत की तरह खड़ा रहता है। छोटी उम्र के अपरिपक्व फैसलों से उनके जीवन में आने वाले भूचाल कई निष्कर्षों के रूप में सचेत करते हैं। घटना यह भी सोचने को मजबूर करती है कि किन्हीं प्रेम संबंधों में अलगाव की परिणति इतनी भयावह क्यों होने लगी है। निस्संदेह, आज के समाज में आते खुलेपन के चलते लड़कियां स्वतंत्र फैसले लेने लगी हैं। मगर उन्हें पुरुषवादी अहंकार का मुकाबला करने के लिये सक्षम बनना होगा। कहीं-कहीं यह असंतुलन कालांतर दुखांत में बदलता नजर आता है। बहरहाल, इस सवाल पर भी मंथन करने की जरूरत है कि देश के महानगरों में ऐसे हादसों और सड़क दुर्घटनाओं के वक्त लोग क्यों आंख मूंद लेते हैं? क्या पुलिस-प्रशासन की तरफ से पहल करने वाले लोगों के प्रति होने वाले व्यवहार के चलते तटस्थता अपनायी जाती है? देश के नीति-नियंताओं को सोचना होगा कि समाज की आपराधिक तटस्थता को दूर करने के लिये क्या उपाय किये जा सकते हैं।

## I WANT TO SAY...

THE PHOTON NEWS



एक दिन पूर्व नामकुम स्थित वाईबीएन यूनिवर्सिटी में छात्रों की ओर से किए गए बवाल के कई मायने निकाले जा रहे हैं। डी-फार्मा परीक्षा के दौरान बवाल की आशंका पहले से ही जताई जा रही थी। उस आशंका को नजरअंदाज कर दिया गया। नतीजा यह हुआ कि छात्रों ने उग्र होकर बवाल किया। तोड़फोड़ की। विश्वविद्यालय की संपत्ति को नुकसान पहुंचाया। बाद में पहुंची पुलिस ने परीक्षार्थियों पर सख्ती की। लाठियां भांजी और धरपकड़ की। डी-फार्मा की परीक्षा 29 मई से 9 जून तक संचालित की जा रही है। परीक्षा केंद्रों को लेकर काफी पहले से ही परीक्षार्थियों की ओर से विरोध जताया जा रहा था। लगातार परीक्षा केंद्र बदले जाने की मांग की जा रही थी। सवाल यह है कि आखिर परीक्षा केंद्र बदले जाने को लेकर परीक्षार्थी इतने उतावले क्यों थे। इसका एक कारण यह बताया जा रहा है कि मनमाफिक परीक्षा केंद्र होने से परीक्षार्थियों को नकल करने की सुविधा मिल जाती। बुधवार को परीक्षार्थियों की परीक्षा खराब गई। इससे वे तनाव व आक्रोश में भर गए। नतीजा यह हुआ कि उनका आक्रोश दूसरी चीजों पर निकला।उनका आरोप था कि एक विशेष कमरे में कुछ छात्र-छात्राओं के लिए सहूलियत वाली परीक्षा का इंतजाम किया गया है। जहां उन्हें खुली छूट दी जा रही है और किताबें खोलकर परीक्षा दे रहे हैं। यह अफवाह फैलते ही कई छात्रों ने यूनिवर्सिटी प्रबंधन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया। पूरे मामले को समग्रता से देखे जाने की जरूरत है। वास्तविक कारणों की तलाश कर स्थायी समाधान की जरूरत है।

**फिरोज जिलानी, पत्रकार, रांची।**

Printed and Published by Fahim Akhtar on behalf of MAA MEDIA VENTURE and Printed at SHIVA SAI PUBLICATION PRIVATE LIMITED, Kathitand, Near Tender Bagicha, P.O.+P.S.- Ratu, Dist.-Ranchi, Jharkhand-835222, and Published at Roshpa Tower, 5th Floor, Main Road, Ranchi, Jharkhand-834001.Editor-Fahim Akhtar. E-mail : thephotonnewsjharkhand@gmail.com

# एशिया कप 2023 को पाकिस्तान के बिना आयोजित करने की तैयारी !
# बीसीसीआई की दो टूक- श्रीलंका में खेलो या हट जाओ

**कराची (एजेंसी)।** एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) पाकिस्तान के बिना एशिया कप की तैयारी कर रही है। यह एक ऐसा कदम है जिससे पाकिस्तान क्रिकेट पर बूरा प्रभाव पड़ सकता है। यदि इस मीडिया रिपोर्ट में सच्चाई है और पाकिस्तान महाद्वीपीय टूर्नामेंट में भाग नहीं लेता है, तो निश्चित रूप से यह बाबर आज़म एंड कंपनी के भारत में खेले जाने वाले एकदिवसीय विश्व कप को लेकर भी बड़ा संदेह पैदा हो सकता है। दावा किया जा रहा है कि एसीसी के सभी सदस्य पाकिस्तान को छोड़कर एशिया कप टूर्नामेंट खेलने के लिए सहमत हो गए हैं।

### पाकिस्तान के लिए बड़ा झटका

दरअसल, पाकिस्तान टूर्नामेंट का आधिकारिक मेजबान हैं। हालांकि, भारत के दौरे से इनकार के बाद पाकिस्तान की मुश्किले बढ़ सी गई है। भारत के साथ श्रीलंका और बंग्लादेश क्रिकेट बोर्ड खड़ा है। बीसीसीआई सचिव जय शाह, जो एसीसी के अध्यक्ष भी हैं, ने अन्य देशों को स्पष्ट कर दिया है कि वे पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के अध्यक्ष नजम सेठी द्वारा सुझाए गए 'हाइब्रिड मॉडल' का पालन नहीं करेंगे। अहमदाबाद में सदस्य राष्ट्रों के प्रमुखों के साथ अपने हालिया अनौपचारिक विचार-विमर्श के दौरान, शाह ने कहा कि टूर्नामेंट केवल एक स्थान - श्रीलंका में आयोजित किया जाना चाहिए। श्रीलंका इसके लिए अपनी तैयारी भी शुरू कर चुका है।

### दिया जाएगा स्पष्ट संदेश

सूत्रों के मुताबिक, पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) को एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) की आगामी कार्यकारी बोर्ड की बैठक के दौरान एक स्पष्ट संदेश मिलेगा। पाकिस्तान को एसीसी की अगली कार्यकारी बोर्ड की बैठक में स्पष्ट रूप से बताया जाएगा कि भाग लेने वाले अन्य सभी देश श्रीलंका में खेलने के लिए सहमत हो गए हैं। पीसीबी को श्रीलंका में खेलने या बाहर निकलने पर विचार करना होगा।

### एकदिवसीय विश्व कप होगा असर

अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के अध्यक्ष ग्रेग बार्कले और सीईओ ज्योफ एलार्डिस वर्तमान में लाहौर में हैं और विश्व कप में भाग लेने के लिए पाकिस्तान से आश्वासन मांग रहे हैं। पाकिस्तान का दौरा करने से भारत की अस्वीकृति और हाइब्रिड मॉडल को स्वीकार करने से इंकार करने से पीसीबी भारत में



एकदिवसीय विश्व कप का बहिष्कार कर सकता है। एक रिपोर्ट में कहा गया है कि पीसीबी ने कथित तौर पर आईसीसी अधिकारियों को सूचित किया है कि विश्व कप में उनकी भागीदारी सरकार की मंजूरी पर निर्भर करती है।

# सेविला ने यूरोपा लीग खिताब जीता



**बैंकॉक (एजेंसी)।** बुडापेस्ट (ईएमएस)। सेविला ने एएस रोमा को हराकर यूरोपा लीग फुटबॉल खिताब अपने नाम किया है। गोंजालो मोंटिएल ने फाइनल में पेनल्टी पर गोल दागकर सेविला को यूरोपा लीग फुटबॉल में रोमा पर जीत दिलाई। सेविला का यह सातवां यूरोपा लीग खिताब है। बुडापेस्ट में अतिरिक्त समय के बाद भी मुकाबला 1-1 से ड्रॉ रहने के बाद पेनल्टी शूट आउट में सेविला ने 4-1 से जीत हासिल की। रोमा की ओर से जियानलुका मेनसिनी और रोजर इबानेज गोल करने में सफल नहीं रहे। मोंटिएल पहले प्रयास में गोल करने से नाकाम रहे थे पर रोमा के गोलकीपर रुई पैट्रिशियो के फाउल के कारण उन्हें एक बार फिर अवसर मिला जिसमें उन्होंने कोई गलती नहीं की। जीत के बाद सेविला के समर्थकों ने टीम ने जमकर जश्न मनाया।

# डब्ल्यूटीसी फाइनल में भारत की राह आसान नहीं , ओवल में अच्छा नहीं रहा है रिकार्ड

**लंदन (एजेंसी)।** इंग्लैंड के ओवल में सात जून से शुरु हो रहे विश्व टेस्ट चैम्पयनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल के लिए भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा, विराट कोहली सहित कुछ खिलाड़ी लंदन पहुंच गये हैं। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ होने वाले इस टूर्नामेंट में टीम इंडिया की राह आसान नहीं है। भारतीय टीम को पिछली बार खिताबी मुकाबले में न्यूजीलैंड ने हराया था। भारतीय टीम का रिकार्ड ओवल में अच्छा नहीं रहा है। इस मैदान पर भारतीय टीम ने अब तक कुल 14 टेस्ट खेले हैं, जिसमें उसे सिर्फ 2 में जीत और 5 में हार मिली है जबकि 7 मुकाबले ड्रॉ रहे हैं।

वहीं ऑस्ट्रेलिया का भी ओवल के मैदान पर रिकॉर्ड सही नहीं है और उसने 38 मैच में से केवल 7 में जीत दर्ज की है, जबकि 17 मैच में उसे हार मिली है। भारत ऑस्ट्रेलिया के बीच आंकड़ों की बात की जाए, तो दोनों टीमों ने आपस में 106 मुकाबले खेले हैं। इसमें 44 मैच ऑस्ट्रेलिया ने जीते हैं, वहीं भारत को 32 मुकाबलों में जीत मिली है। इसके अलावा दोनों के बीच 29 मैच ड्रॉ रहे और एक मुकाबला टाई रहा। टीम इंडिया के लिए राहत की बात ये है कि उसने इस मैदान पर अपना अंतिम मैच जीता था। सितंबर 2021 में खेले गए उस मुकाबले में विराट की कप्तानी में भारतीय टीम ने मेजबान इंग्लैंड को 157 रनों से हराया था। उस मुकाबले में रोहित ने 127 रनों की शतकीय पारी खेली थी और वह प्लेयर ऑफ द मैच बने थे। भारतीय टीम यह खिताबी मुकाबला पिछले एक दशक से आईसीसी ट्रॉफी के सूखे को खत्म करना चाहेगी। भारतीय टीम ने अंतिम बार साल 2013 में महेंद्र सिंह धोनी की कप्तानी में आईसीसी ट्रॉफी जीती थी।

# डब्ल्यूटीसी फाइनल के बाद भारतीय टीम को मिलेगा एक महीने का आराम

### -अफगानिस्तान के खिलाफ सीरीज होगी रद्द

**मुम्बई (एजेंसी)।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के बाद अब भारतीय टीम के खिलाड़ियों को अगले माह सात जून से शुरु हो रही टेस्ट चैम्पियनशिप (डब्ल्यूटीसी) के फाइनल में खेलना है। इसके बाद भारतीय टीम को एक माह का आराम मिल सकता है। अक्टूबर-नवंबर में होने वाले एकदिवसीय विश्वकप से पहले टीम को तरोताजा होने के लिए ये आराम दिया जा सकता है। .

करीब 2 महीने तक चले इस आईपीएल सत्र के कारण खिलाड़ी काफी थके हुए हैं। ऐसे में उनके चोटिल होने का भी खतरा बढ़ गया है। उसको देखते हुए खिलाड़ियों को आराम दिया जाना भी जरुरी है। डब्ल्यूटीसी फाइनल 7 से 11 जून तक लंदन में होगा। इसमें भारतीय टीम का मुकाबला ऑस्ट्रेलिया से होगा।

डब्ल्यूटीसी फाइनल के बाद भारतीय टीम को करीब एक महीने का आराम मिल सकता है। एक



रिपोर्ट के मुताबिक, भारतीय टीम 20 से 30 जून के बीच अफगानिस्तान के खिलाफ 3 एकदिवसीय मैचों की घरेलू सीरीज खेलनी थी जो अब शायद ही खेली जाये।इसके बाद भारतीय टीम को वेस्टइंडीज दौरे पर भी जाना है, जहां 12 जुलाई से 31 अगस्त तक दो टेस्ट, 3 एकदिवसीय, 5 टी20 की सीरीज खेलना है। ऐसे में यदि अफगानिस्तान सीरीज रद्द होती है, तो फिर डब्ल्यूटीसी फाइनल और वेस्टइंडीज सीरीज के बीच भारतीय खिलाड़ियों को एक महीने का आराम भी दिया जा सकता है।

भारतीय टीम को सितंबर में एशिया कप और फिर एकदिवसीय विश्वकप भी खेलना है। बीसीसीआई का भी मानना है कि अब खिलाड़ियों को आराम देना जरुरी है। यही कारण है कि अफगानिस्तान के खिलाफ सीरीज रद्द होना तय है।


## एनसीए में ऋषभ से मिले धवन



नई दिल्ली ।आईपीएल में पंजाब किंग्स की कप्तानी करते हुए अच्छी बल्लेबाजी करने वाले सलामी बल्लेबाज शिखर धवन ने बेंगलुरु स्थित नेशनल क्रिकेट एकेडमी (एनसीए) में आक्रामक विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत से मुलाकात की है। धवन ने इस मुलाकात की एक तस्वीरें सोशल मीडिया पर भी साझा की है। इन तस्वीरों के साथ उन्होंने लिखा है कि वापसी पहले से और बेहतर रहेगी। तुम्हें फिर मैदान में देखकर अच्छा लगा। ऋषभ को टैग करने के बाद गब्बर ने दिल वाले इमोजी का भी इस्तेमाल किया है। पिछले साल 30 दिसंबर को ऋषभ एक कार हादसे में गंभीर रुप से घायल हो गये थे।इसके बाद से उनका पहले देहरादून और फिर मुम्बई में इलाज हुआ। उनकी मुम्बई में सर्जरी भी हुई। इसी कारण वह तकरीबन 6 महीने से खेल से दूर रहे हैं। सर्जरी के बाद से ही ये आक्रामक बल्लेबाज तेजी से उबर रहा है।अब वह फिर अपने पैरों पर खड़े हो गए हैं और चल पा रहे हैं।इसके साथ ही वह मैदान में भी भी दिख रहे हैं।ऐसे में सभी को उम्मीद है कि ये आक्रामक बल्लेबाज शीघ्र ही टीम में वापसी करेगा। नजर आ रहे हैं। बीसीसीआई का भी मानना है कि ऋषभ तेजी से उबर रहे हैं और ऐसे में उनके देश में ही होने वाले एकदिवसीय विश्वकप में खेलने की भी संभावनाएं बनी हुई हैं।

## पीसीबी ने विश्वकप में भाग लेने आईसीसी के सामने रखी नई शर्त

### -भारत 2025 चैम्पियंस ट्रॉफी में भाग लेने की सहमति दे




लाहौर ।पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) से कहा है कि पाक टीम तभी अक्टूबर में भारत में होने वाले एकदिवसीय विश्वकप में भाग लेगी जब भारतीय टीम 2025 में आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी में भाग लेने के लिए तैयार हो। 2025 चैम्पियंस ट्रॉफी की मेजबान पाक के पास है। पीसीबी ने कहा है कि भारत में अक्टूबर-नवंबर में होने वाले आईसीसी क्रिकेट विश्व कप 2023 में पाक टीम तभी भाग लेगी, जब उन्हें यह आश्वासन मिलेगा कि भारतीय टीम साल 2025 में आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी के लिए पाक का दौरा करेगी। पीसीबी ने यह शर्त आईसीसी के चेयरमैन ग्रेग ब्राकले और सीईओ ज्योफ एलार्डिस के सामने रखी है। पीसीबी की अंतरिम प्रबंधन समिति के अध्यक्ष नजम सेठी ने हाल ही में कहा था कि बीसीसीआई द्वारा पाक में होने वाले एशिया कप 2023 के लिए टीम भेजने से इनकार करने के कारण उनकी टीम भी एकदिवसीय विश्वकप में भाग नहीं लेगी। पीसीबी के अनुसार बीसीसीआई उनके द्वारा पेश किए गए हाइब्रिड मॉडल पर एशिया कप 2023 में खेले।इसमें भारतीय टीम के मैच पाक से बाहर होंगे।वहीं बीसीसीआई ने हाइब्रिड मॉडल के विकल्प को इसलिए स्वीकार नहीं किया है क्योंकि एकदिवसीय विश्वकप में पाक यही फार्मुला अपनाने की मांग करेगा।

# घुटने के दर्द के बाद भी धोनी ने खेला आईपीएल, अगले सप्ताह हो सकती है सर्जरी

**मुम्बई (एजेंसी)।** चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के कप्तान महेन्द्र सिंह धोनी ने घुटने में दर्द के बाद भी आईपीएल का 16 वां सत्र खेला है। पूरे आईपीएल के दौरान घुटने के दर्द से परेशान दिखे। अब कहा जा रहा है कि उनके घुटने की सर्जरी होगी। एक रिपोर्ट के अनुसार यह सर्जरी मुंबई के कोकिलाबेन अस्पताल में होगी। माना जा रहा है कि ये सर्जरी अगले सप्ताह ही होगी। उन्होंने ट्रॉफी जीतने के बाद टेस्ट कराया था। इससे पहले सीएसके के मुख्य कोच स्टीफन फ्लेमिंग ने भी माना था कि धोनी घुटने की चोट के बाद भी टी20 लीग में खेल रहे हैं। फ्लेमिंग ने पिछले महीने राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ मैच के बाद कहा था कि धोनी घुटने की चोट से उबर रहे हैं।

यहां तक कि चेन्नई में सीएसके के सत्र के अंतिम लीग मैच के बाद धोनी ने अपने घुटने पर आइस पैक लगाकर लैप ऑफ ऑनर लिया। वहीं पूर्व क्रिकेटर इरफान पठान ने भी धोनी के साथ एक तस्वीर साझा की है। उस तस्वीर में भी धोनी को वही आइस पैक अपने चोटिल घुटने पर पहने हुए देखा जा सकता है।

मैच के बाद इरफान सीएसके के ड्रेसिंग रूम में गए और धोनी से मिले। इन दोनो ने एक-दूसरे को गले लगाया और कैमरों के सामने पोज दिए। बाद में इरफान ने अपने प्रशंसकों के साथ तस्वीर साझा की। सीएसके के आईपीएल 2023 का खिताब जीतने के बाद धोनी ने कहा था कि प्रशंसकों के दबाव के कारण अगले सत्र में भी खेल सकत हैं हालांकि अब उनका शरीर साथ नहीं दे रहा और यह समय संन्यास की घोषणा के लिए सबसे आसान और अच्छा समय है।




## फ्रेंच ओपन : युकी-साकेत दूसरे दौर में, बोपन्ना-एबडेन हारे



पेरिस ।युकी भांबरी और साकेत माइनेनी की भारतीय पुरुष युगल जोड़ी ने बुधवार को यहां फ्रेंच ओपन टेनिस टूर्नामेंट के पहले दौर में आर्थर रिंडरनेक और एंजो सोसाउद की फ्रांस की जोड़ी को सीधे सेट में हराया।इस साल जनवरी में बैंकॉक ओपन चैलेंजर जीतने वाले युकी और साकेत ने अपने शुरुआती मैच में आर्थर और एंजो को 64 मिनट में 6-3, 6-2 से हराकर बाहर का रास्ता दिखाया।हालांकि भारत के स्टार खिलाड़ी रोहन बोपन्ना और उनके ऑस्ट्रेलियाई जोड़ीदार मैथ्यू एबडेन पहले दौर की बाधा पार करने में नाकाम रहे।इस जोड़ी को सादियो डोंबिया और फैबियन रेबोल की फ्रांस की जोड़ी के खिलाफ 5-7 6-7 (5-7) से हार का सामना करना पड़ा।बीएनपी परिबास ओपन और कतर ओपन में जीत के अलावा इस साल मैड्रिड ओपन के फाइनल में पहुंची भारत और ऑस्ट्रेलिया की जोड़ी ने पांच मैच प्वाइंट बचाए लेकिन फ्रांस की जोड़ी को जीत दर्ज करने से नहीं रोक पाए। एन श्रीराम बालाजी और जीवन नेदुनचेझियान की जोड़ी भी पहले दौर में बेलारूस के इल्या इवाश्का और ऑस्ट्रेलिया के एलेक्सी पोपिरिन से 3-6 4-6 से हारकर प्रतियोगिता से बाहर हो गयी।

## फ्रेंच ओपन में सबालेंका ने यूक्रेन युद्ध से जुड़े सवालों के जवाब देने से इनकार किया



**पेरिस (एजेंसी)।** फ्रेंच ओपन में दूसरी वरीयता प्राप्त बेलारूस की टेनिस खिलाड़ी एरिना सबालेंका ने बुधवार को मैच जीतने के बाद यूक्रेन पर रूस के हमले से जुड़े सवालों का जवाब देने से इनकार कर दिया। रविवार को पहले दौर में जीत दर्ज करने के बाद सबालेंका ने कहा था कि रूस या बेलारूस का कोई भी खिलाड़ी युद्ध का समर्थन नहीं करता है। उन्हें हालांकि बुधवार को रूस के हमले का समर्थन करने में बेलारूस की भूमिका की व्यक्तिगत रूप से निंदा करने के लिए कहा गया था। ऑस्ट्रेलियाई ओपन चैंपियन सबालेंका ने फ्रेंच ओपन ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट के दूसरे दौर में इरीना शिमानोविच पर 7-5, 6-2 से जीत के बाद संवाददाता सम्मेलन में कहा, ''मेरे पास आपके लिए कोई प्रतिक्रिया नहीं है।''

साबलेंका की पहले दौर की प्रतिद्वंद्वी यूक्रेन की मार्ता कोस्त्युक ने संवाददाताओं से आग्रह किया था कि वे 25 वर्षीय सबालेंका से पूछें कि क्या वह व्यक्तिगत रूप से युद्ध का समर्थन करती हैं या विरोध करती हैं। सबालेंका से पूछा गया था कि क्या वह बेलारूस के नेता एलेक्जेंडर लुकाशेंको का समर्थन करती हैं या नहीं। उन्होंने कहा, ''मेरे पास आपके लिए कोई जवाब नहीं है इसलिए आपके सवाल के लिए धन्यवाद।'' अगला सवाल युद्ध में बेलारूस की भूमिका के बारे में था। जब तीसरा सवाल किया गया तो आयोजकों ने हस्तक्षेप किया और सबालेंका ने कहा,''आपको मुझसे पर्याप्त उत्तर मिल गए हैं।'' रविवार को पहले दौर के मैच के बाद कोस्त्युक ने सबालेंका से हाथ मिलाने से इनकार कर दिया था। उस मैच के बाद सबालेंका ने कहा था, ''इस दुनिया में रूस या बेलारूस का कोई खिलाड़ी युद्ध का समर्थन नहीं करता। कोई नहीं। हम युद्ध का समर्थन कैसे कर सकते हैं? कोई भी - सामान्य लोग - कभी भी इसका समर्थन नहीं करेंगे।

## दक्षिण कोरिया को रौंद कर भारत जूनियर एशिया कप हॉकी के फाइनल में



सालालाह। भारतीय हॉकी टीम ने बुधवार को यहां दक्षिण कोरिया को एकतरफा मुकाबले में 9-1 से हराकर जूनियर एशिया कप के फाइनल में प्रवेश किया। गुरुवार को होने वाले खिताबी मुकाबले में भारत के सामने मलेशिया और पाकिस्तान के बीच होने वाले दूसरे सेमीफाइनल के विजेता की चुनौती होगी।धामी बोबी सिंह ने हैट्रिक गोल कर भारत के जीत के अंतर को बढ़ाया।वह 'प्लेयर ऑफ द मैच' चुने गये। धामी ने 31वें, 39वें और 55वें मिनट में गोल किया तो वहीं लाकरा सुनीत ने 13वें मिनट में भारत का खाता खोला। मैच के 19वें मिनट में हुंदल अरिजीत सिंह ने बढ़त को दोगुना कर दिया। अंगद वीर सिंह और उत्तम सिंह ने क्रमश- 34वें और 38वें मिनट में गोल किया जिससे भारतीय टीम ने तीसरे क्वार्टर के बाद अपनी बढ़त को 6-0 कर ली। कोरियाई टीम ने हालांकि आखिरी क्वार्टर में बेहतर खेल दिखाया। टीम के लिए इकलौता गोल केओनयोल ह्वांग ने 46वें मिनट में किया। विष्णुकांत सिंह ने 51वें मिनट में भारत की बढ़त को 7-1 कर दिया।इसके दो मिनट बाद धामी ने अपनी हैट्रिक पूरी की और फिर शारदा नंद तिवारी के गोल ने टीम की बड़ी जीत पर मुहर लगा दी।

# डब्ल्यूटीसी के लिए टेस्ट प्रारुप में ढ़लना भारतीय टीम के लिए बड़ी परीक्षा: गावस्कर

**अहमदाबाद (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान और महान क्रिकेटर सुनील गावस्कर ने कहा है कि अगले सप्ताह ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ होने वाले विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल में भारतीय खिलाडियों के लिए सबसे बड़ी समस्या टी20 प्रारूप से बाहर निकलकर टेस्ट प्रारुप के अनुसार ढ़लना होगा। भारतीय खिलाड़ी पिछले दो माह से टी20 क्रिकेट खेल रहे हैं जबकि अब उन्हें टेस्ट क्रिकेट खेलने के लिए मानसिक रुप से तैयार होना होगा। रोहित शर्मा की कप्तानी में भारतीय टीम सात जून से 'द ओवल' में डब्ल्यूटीसी फाइनल खेलेगी जिसमें खेलने वाले ज्यादातर खिलाड़ी इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में भाग लेकर पहुंचेंगे। गावस्कर ने कहा कि सबसे बड़ी परीक्षा यही होगी कि हर कोई टी-20 प्रारूप खेलकर आएगा और टेस्ट क्रिकेट लंबा प्रारूप है। इसलिए मुझे लगता है कि उनके लिए यह बड़ी चुनौती होने वाली है। उन्होंने साथ ही कहा कि सभी भारतीय खिलाडियों में केवल अनुभवी बल्लेबाज चेतेश्वर पुजारा ही लंबे प्रारूप के अनुरूप ढले हुए हैं क्योंकि वह काउंटी क्रिकेट खेल रहे हैं।

गावस्कर ने कहा कि भारत के केवल चेतेश्वर पुजारा ही इंग्लिश काउंटी चैम्पियनशिप में खेलते रहे हैं इसलिये वही इन परिस्थितियों में ढ़ले हैं। वहीं अन्य खिलाड़ियों के लिए बड़ी चुनौती होने वाली है। बल्लेबाज अजिंक्य रहाणे ने लंबे समय से चल रही खराब फॉर्म के बाद आईपीएल में अच्छे प्रदर्शन के बल पर भारतीय टीम में वापसी की है। गावस्कर ने कहा कि 34 साल के रहाणे को इंग्लैंड में खेलने का अच्छा अनुभव है। उन्होंने कहा कि उसे इंग्लैंड में खेलने का काफी अनुभव है, उन्होंने इंग्लैंड में काफी रन बनाये हैं। इसलिए हां, मुझे लगता है कि वह पांचवें नंबर पर अहम खिलाड़ी साबित होगा। मेरा यह भी मानना है कि उसे अपने को साबित करना है, मुझे अब भी लगता है कि उसमें काफी क्रिकेट बचा है और यह उसके लिए शानदार अवसर होगा। क्रिकेटर से कमेंटेंटर बने गावस्कर ने उम्मीद जतायी कि रहाणे इस मिले मौके का पूरा इस्तेमाल अपने पेशेवर करियर को बढ़ाने में करेंगे।



# एक्टिंग नहीं छोड़ना चाहतीं एक्ट्रेस दीपिका



ससुराल सिमर का एक्ट्रेस दीपिका कक्कड़ ने हाल ही में अपने एक्टिंग छोड़ने की खबरों को खारिज किया। उन्होंने साफ किया कि वो एक्टिंग नहीं छोड़ने वाली हैं, बल्कि उनके बयान को अलग तरह से लिया गया है। दरअसल, सोमवार को यह खबर सामने आई कि एक इंटरव्यू में दीपिका ने कहा है कि वो अब एक्टिंग छोड़ना चाहती हैं। इस खबर से दीपिका के फैंस बेहद निराश हुए। एक्ट्रेस के इस फैसले के लिए उन्होंने उनकी शादी को जिम्मेदार ठहराया। लोग उनके इंटर-फेथ विवाह पर भद्दे कमेंट्स करने लगे। इन सभी चीजों के बाद दीपिका ने सामने आकर इस मामले पर चुप्पी तोड़ी है।

### लोगों ने मेरी बातों का गलत मतलब निकाला

दीपिका कक्कड़ ने बातचीत के दौरान एक्टिंग छोड़ने की खबरों पर चुप्पी तोड़ी। उन्होंने कहा- मुझे अभी यह खबर मिली कि मैं एक्टिंग छोड़ रही हूं। लोगों ने पिछले इंटरव्यू में मेरी बातों का गलत मतलब निकाला कि मैं एक्टिंग छोड़ रही हूं। इसलिए साफ करना चाहूंगी कि ऐसा कुछ भी नहीं है।'

### मुझे हमेशा से हाउसवाइफ बनना पसंद है

उन्होंने आगे कहा- ' मुझे हमेशा से हाउसवाइफ बनना पसंद है। शोएब ऑफिस जाएं और मैं उनके लिए नाश्ता बनाऊं, घर का ध्यान रखूं। लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि मैं दोबारा काम नहीं करना चाहती हूं।'

हो सकता है मैं 4-5 साल तक काम न कर पाऊं

दीपिका ने आगे कहा- 'हो सकता है कि आने वाले दिनों में करीबन 4-5 साल तक काम ना कर पाऊं, या फिर मुझे किसी अच्छे प्रोजेक्ट का ऑफर न मिल पाए, जिसमें मैं काम करूं। ऐसा भी हो सकता है कि मैं अपने 4-5 साल बच्चे पर दूं। ये सारी चीजें सिर्फ कह सकती हूं जब तक बेबी नहीं हो जाता।'

### दीपिका के इस बयान पर लगाए गए एक्टिंग छोड़ने के कयास

पिंकविला को दिए इंटरव्यू में दीपिका ने कहा था- मैं प्रेग्नेंसी फेज को इंजॉय कर रही हूं और जल्द अपने पहले बच्चे का वेलकम करने वाली हूं। इस बात को लेकर एक अलग ही एक्साइटमेंट हैं। मैंने बहुत कम उम्र में काम करना शुरू कर दिया था। लगातार 10-15 साल उम्र में काम करती रही। जैसी ही मेरी प्रेग्नेंसी जर्नी शुरू हुई, मैंने शोएब से कहा कि मैं काम नहीं करना चाहती और एक्टिंग छोड़ना चाहती हूं। मैं एक हाउसवाइफ की तरह रहना चाहती हूं।'

### लंबे समय से एक्टिंग से दूर हैं दीपिका

दीपिका को आखिरी बार स्टार प्लस के शो 'कहां हम कहां तुम' में देखा गया था। तब से अब तक वो टेलीविजन से दूर हैं। फिलहाल ऐक्ट्रेस अपने ब्लॉग के जरिए खुद को बिजी रख रही हैं, जहां वो अपनी प्रेग्नेंसी, हेल्थ अपडेट, शोएब के साथ डेट से लेकर जिंदगी की छोटी-छोटी डिटेल्स शेयर करती रहती हैं।

### 2010 से की थी करियर की शुरुआत, जीता बिग बॉस सीजन 12

दीपिका ने 2010 में टेलीविजन डेब्यू किया था, जिसमें उन्होंने लक्ष्मी का

'अगले जन्म मोहे बिटिया ही कीजो' में काम किया। टीवी सीरियल ससुराल सिमर का दीपिका के करियर का सबसे फेमस शो रहा, जो 2011 से लेकर 2018 तक चला। इसके अलावा दीपिका झलक दिखला जा 8, नच बलिए 8 और एंटरटेनमेंट की रात जैसे शोज में भी नजर आईं। दीपिका बिग बॉस 12 की विनर भी रह चुकी हैं।



बिना पगड़ी के नजर आएंगे

# दिलजीत दोसांझ

इम्तियाज अली द्वारा निर्देशित अपकमिंग फिल्म चमकीला में पंजाबी सिंगर-एक्टर दिलजीत दोसांझ पहली बार बिना पगड़ी के नजर आएंगे। मेकर्स ने मंगलवार सुबह टीजर जारी किया। स्ट्रीमिंग जायंट नेटफ्लिक्स ने मंगलवार सुबह इंस्टाग्राम पर टीजर साझा किया। टीजर को देख ऐसा लग रहा है कि दिलजीत ने विग पहनी हुई है। उन्होंने फिल्म में पंजाब के हाईएस्ट रिकॉर्ड सेलिंग आर्टिस्ट अमर सिंह चमकिला की भूमिका निभाई है। टीजर वीडियो को शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा- जो नाम सालों से आपके दिल और दिमाग पर छाया है वो अब आपके सामने आया है। देखिए पंजाब के हाईएस्ट रिकॉर्ड सेलिंग आर्टिस्ट अमर सिंह चमकिला की अनकही कहानी, जल्द ही सिर्फ नेटफ्लिक्स पर। चमकीला में परिणीति चोपड़ा ने उनकी साथी अमरजोत कौर की भूमिका निभाई है। चमकीला और उनकी पत्नी की 1988 में गोलियां मारकर हत्या कर दी थी गई थी।

# 13 साल बाद कमबैक कर रहे फरदीन



फरदीन खान फिल्म विस्फोट के जरिए बॉलीवुड में कमबैक कर रहे हैं। एक्टर का कहना है कि उन्होंने अपने करियर में कभी भी ऐसी भूमिका नहीं निभायी, जो वो विस्फोट में निभाते नजर आएंगे। एक्टर

इंटरनेट पर काफी वायरल हुई। आईफा अवार्डस 2023 के मौके पर मीडिया से बात करते हुए एक्टर ने अपनी अपकमिंग फिल्म के बारे में बात की। फरदीन ने कहा- मैं विस्फोट को लेकर बहुत उत्साहित हूं।

फिल्म का निर्माण कर रहे हैं और कूकी गुलाटी, जिनके साथ मैंने पहले एक विज्ञापन के लिए शूटिंग की है, इसका निर्देशन कर रहे हैं। फिल्म की कहानी फरदीन के किरदार के इर्द-गिर्द घूमती है, जो एक पायलट के बेटे का अपहरण कर लेता है, जिसे रितेश देशमुख ने निभाया है। फिल्म के बारे में जानकारी साझा करते हुए अभिनेता ने

रीमेक है। मैंने इससे पहले इस तरह की भूमिका

करने का प्रयास नहीं किया है। यह 24 घंटे में बताई गई कहानी है, इसलिए यह एक तेज स्पीड वाली क्राइम थ्रिलर है। मैं इसके जल्द रिलीज होने का इंतजार कर रहा हूं। फरदीन आखिरी बार 2010 में रिलीज हुई फिल्म दूल्हा मिल गया में नजर आए थे। एक्टर 13 साल बाद वापसी कर रहे हैं।





# जुहू में यश चोपड़ा की पड़ोसी बनीं उर्वशी रौतेला

उर्वशी रौतेला हिंदी फिल्म इंडस्ट्री में भले ही अपनी खास जगह न बना पाई हों, लेकिन फैशन के लिए अभिनेत्री हमेशा सुर्खियों में बनी रहती हैं। बीते कुछ समय से कई बार उनका नाम ऋषभ पंत के साथ जोड़ा जाता रहा है। लेकिन दोनों ने ही हमेशा इसको इग्नोर किया है। अब उर्वशी रौतेला को लेकर एक और खबर सामने आ रही है। ऐसा कहा जा रहा है कि उर्वशी के घर की तलाश पूरी हो गई है और वह नए बंगले में शिफ्ट हो गई हैं। उर्वशी रौतेला पिछले सात-आठ महीने से मुंबई में अपने लिए घर की तलाश कर रही थीं और उनकी यह तलाश खत्म होती दिख रही है। रिपोर्ट्स के अनुसार उर्वशी रौतेला जुहू में यश चोपड़ा के बंगले के पास वाले बंगले में शिफ्ट हो गई हैं। यह वही बंगला है, जिसमें यश चोपड़ा की पत्नी पामेला चोपड़ा निधन से पहले तक रहती थीं।

नोरा ने डांसर्स के लिए

# अवॉर्ड कैटेगरी न होने पर जताया अफसोस



अवॉर्ड शोज हों या म्यूजिक कॉन्सर्ट्स या फिर स्टेज शोज और यहां तक कि फिल्मों में भी डांस हमेशा से बॉलीवुड का अहम हिस्सा रहा है। हालांकि, एक्ट्रेस और डांसर नोरा फतेही का मानना है कि इंडस्ट्री में अभी तक डांसर्स को उतना सम्मान नहीं मिलता है। नोरा का सवाल उठाया है कि आखिर डांसर्स के लिए कोई अवॉर्ड कैटेगरी क्यों नहीं होती है? बातचीत के दौरान नोरा ने अवॉर्ड शोज में 'बेस्ट परफॉर्मर इन ए सॉन्ग' के लिए कोई भी कैटेगरी न होने पर अफसोस जताया है। उन्होंने कहा- 'हमारे कई फेमस डांस नंबर्स अपनी आइकॉनिक डांस स्टाइल के बदौलत जाने जाते हैं, लेकिन कभी भी उन कलाकारों को उनके आइकॉनिक डांस के लिए बॉलीवुड में अवॉर्ड नहीं दिया गया। मुझे उम्मीद है कि आने वाले समय में यह बदलाव जरूर आएगा। नोरा ने आगे कहा- 'जब से बॉलीवुड की शुरुआत हुई है, डांस ने इंडस्ट्री को

स्तर पर फेम मिला है। डांस एक ऐसी चीज है, जो बॉलीवुड को अन्य फिल्मों से अलग करती है। दशकों से हमने बड़े पर्दे पर तरह-तरह की डांस फॉर्म्स को देखा है, यह देखकर मुझे बहुत अच्छा लगता है। नोरा ने अपने करियर में कई डांस रियलिटी शोज जज किए हैं। उन्हें उम्मीद है कि भारत में और भी डांस फिल्में बनेंगी। नोरा ने कहा- मेरा

अलग-अलग कहानियों और नए डांस फॉर्म्स के बारे में पता चलता है। ऐसी बहुत सी कहानियां हैं, जिन्हें डांस के जरिए बताया जा सकता है और मुझे नहीं लगता है कि अभी तक ऐसे कॉन्सेप्ट पर ज्यादा काम किया गया है। नोरा ने कहा कि वो डांस और लव स्टोरी से जुड़ी कहानी में काम करना पसंद करेंगी। नोरा का कहना है कि आर्ट फॉर्म होने के अलावा डांस ने उन्हें मेंटली तौर पर भी फिट रखा है। एक्ट्रेस

वास्तव में एक ऐसा जरिया रहा है जो मुझे अपने तनाव को दूर करने में मदद करता है। मेरे दिमाग और शरीर को वास्तव में स्वस्थ और मजबूत रहने के लिए डांस की जरूरत है।

# सलमान की आमिर को चैम्पियन्स के लिए ना


लालसिंह चड्ढा के प्रदर्शन से पूर्व ही यह कहा जा रहा था कि आमिर खान की अगली फिल्म स्पेनिश फिल्म कैम्पियन्स (चैंपियन्स) में काम करेंगे। इस फिल्म के निर्देशन की जिम्मेदारी आर.एस.प्रसन्ना करेंगे। लालसिंह चड्ढा की असफलता के बाद आमिर ने फिल्मों से ब्रेक ले लिया और अपनी इस फिल्म के लिए उन्होंने सलमान खान को चुना। दोनों के बीच इस रीमेक को लेकर बात चल रही थी। अब सलमान ने इस फिल्म को करने ने इनकार कर दिया है, जिसके बाद अब आमिर ने रणबीर को अप्रोच किया है। लाल सिंह चड्ढा के फ्लॉप होने के बाद आमिर खान ने फिल्मों से ब्रेक ले रखा है। पहले वो इस स्पेनिश फिल्म कैम्पियन्स (चैंपियन्स) में काम करने वाले थे, लेकिन अब बतौर एक्टर वो इस फिल्म का हिस्सा नहीं हैं और फिल्म के लिए अच्छे एक्टर की तलाश कर रहे हैं। बॉलीवुड हंगामा की रिपोर्ट्स के मुताबिक आमिर ने चैपियंस के हिंदी रीमेक में लीड रोल निभाने के लिए सलमान को अप्रोच किया था। इतना ही कहा जा रहा था मार्च तक फिल्म की ऑफिशियल अनाउंसमेंट भी कर दी जाएगी, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। रिपोर्ट्स के मुताबिक इंडस्ट्री से जुड़े एक सोर्स ने कहा- सलमान खान कैम्पियन्स (चैंपियन्स) रीमके में काम करने के लिए काफी एक्साइटेड थे। हालांकि, बाद में सलमान को रियलाइज हुआ कि फिल्म उनके दूसरे प्रोजेक्ट्स के बीच आ रही है। डेट्स न मिल पाने के कारण, उन्हें फिल्म से बाहर होना पड़ा। आमिर की यह फिल्म 2018 में आई कैंपियन्स का ऑफिशियल रीमेक है, जो कि एक कॉमेडी ड्रामा है। सलमान के प्रोजेक्ट से बाहर होने के बाद अब आमिर ने रणबीर कपूर से कॉन्टैक्ट किया है। रिपोर्ट्स की मानें तो रणबीर को भी फिल्म का नैरेशन सुनने के बाद पसंद आया है, अगर सब कुछ ठीक रहता है तो रणबीर चैंपियन्स में लीड रोल निभाएंगे। रणबीर इन दिनों एनिमल की शूटिंग में बिजी हैं, दूसरी ओर यह भी कहा जा रहा है कि वे सौरव गांगुली की बायोपिक में भी नजर आ सकते हैं, जिसे लव रंजन और अंकुर गर्ग निर्मित करने वाले हैं।



# आमिर ने चैंपियन्स के लिए रणबीर को किया अप्रोच

साल की शुरुआत में यह खबर सामने आई थी कि आमिर फिल्म कैम्पियन्स (चैंपियन्स) में सलमान को बतौर एक्टर कास्ट करना चाहते हैं, दोनों के बीच इस रीमेक को लेकर बात चल रही थी। लेकिन अब सलमान ने इस फिल्म को करने ने इनकार कर दिया है, जिसके बाद अब आमिर ने रणबीर को अप्रोच किया है। लाल सिंह चड्ढा के फ्लॉप होने के बाद आमिर खान ने फिल्मों से ब्रेक ले रखा है। पहले वो इस स्पेनिश फिल्म कैम्पियन्स (चैंपियन्स) में काम करने वाले थे, लेकिन अब बतौर एक्टर वो इस फिल्म का हिस्सा नहीं हैं और फिल्म के लिए अच्छे एक्टर की तलाश कर रहे हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक आमिर ने चैपियंस के हिंदी रीमेक में लीड रोल निभाने के लिए सलमान को अप्रोच किया था। इतना ही कहा जा रहा था मार्च तक फिल्म की ऑफिशियल अनाउंसमेंट भी कर दी जाएगी, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। रिपोर्ट्स के मुताबिक इंडस्ट्री से जुड़े एक सोर्स ने कहा- सलमान खान कैम्पियन्स (चैंपियन्स) रीमके में काम करने के लिए काफी एक्साइटेड थे। हालांकि, बाद में सलमान को रियलाइज हुआ कि फिल्म उनके दूसरे प्रोजेक्ट्स के बीच आ रही है। डेट्स न मिल पाने के कारण, उन्हें फिल्म से बाहर होना पड़ा। सलमान के प्रोजेक्ट से बाहर होने के बाद अब आमिर ने रणबीर कपूर से कॉन्टैक्ट किया है। रिपोर्ट्स की मानें तो रणबीर को भी फिल्म का नैरेशन सुनने के बाद पसंद आया है, अगर सब कुछ ठीक रहता है तो रणबीर चैंपियन्स में लीड रोल निभाएंगे। बता दें रणबीर इन दिनों अपने अपकमिंग प्रोजेक्ट एनिमल की शूटिंग में बिजी हैं, वहीं जल्द ही एक्टर इंडियन क्रिकेटर सौरव गांगुली की बायोपिक की शूटिंग का काम भी शुरू कर देंगे। फिल्म को 2024 तक रिलीज करने की उम्मीद की जा रही है, हालांकि पेपरवर्क पूरा होने के बाद ही फिल्म की फाइनल रिलीज को लेकर कुछ तय किया जा सकेगा।

# मुस्लिमों से नफरत करना आजकल फैशन बन गया है: नसीरुद्दीन शाह



नसीरुद्दीन शाह का नाम हिंदी सिनेमा के महानतम अभिनेताओं में लिया जाता है, लेकिन इस समय वे चर्चा में अपनी एक्टिंग के कारण नहीं बल्कि अपनी बयानबाजी के कारण रहते हैं। जो दिल में रहता है उसे जुबां पर लाने में नसीर देर नहीं करते भले ही कुछ भी परिणाम हो। हाल ही में उन्होंने इंटरव्यू दिया है जिसमें उन्होंने कहा है कि मुस्लिम समुदाय के खिलाफ नफरत लोगों के दिमाग में चतुराई से भरी जा रही है। देश में मुस्लिमों से नफरत करना आजकल फैशन बन गया है। नसीर ने इसे चिंताजनक समय बताते हुए कहा है कि एक धर्म विशेष के खिलाफ प्रोपेगेंडा फैलाया जा रहा है। गौरतलब है कि हाल ही में फिल्म द केरल स्टोरी रिलीज हुई है जिसने बॉक्स ऑफिस पर शानदार सफलता हासिल की है। इस फिल्म में दिखाया गया है कि कैसे केरल की लड़कियों को लव जिहाद के जाल में फंसा कर आतंकवाद के दलदल में फंसा दिया जाता है। संभव है कि इस



# वेब सीरीज रफूचक्कर से ओटीटी डेब्यू करेंगे मनीष

वेब सीरीज रफूचक्कर का टीजर रिलीज हो गया है। इस सीरीज के साथ मनीष पॉल ओटीटी डेब्यू करने जा रहे हैं। ये सीरीज कॉन ड्रामा पर बेस्ड है। सीरीज में मनीष पॉल अलग-अलग लोगों के भेष में लोगों से ठगी करते नजर आएंगे। टीजर में दिखाए गए मनीष के अलग-अलग लुक्स को काफी पसंद किया जा रहा है। सीरीज में मनीष पॉल कभी फिटनेस एक्सपर्ट तो कभी वेडिंग प्लानर के रोल में दिखेंगे। वेब सीरीज की शूटिंग नैनीताल और दिल्ली के कुछ इलाकों में हुई है। सीरीज में ठगी का पता लगाने के लिए डीप फेक, फेस मैपिंग और डिजिटल फूटप्रिंट जैसी ने टेक्नोलॉजी के इस्तेमाल को भी फिल्माया गया है। टीजर में दिखाया गया है कि मनीष किस तरह लोगों को अपने जाल में फंसाकर उनसे ठगी करते हैं और फिर रफूचक्कर हो जाते हैं। इस सीरीज में मनीष के साथ प्रिया बापट और संतोष सिंह भी नजर आएंगे। रीतम श्रीवास्तव सीरीज के डायरेक्टर हैं। सीरीज 15 जून से जिओ सिनेमा पर स्ट्रीम होगी। सीरीज को ज्योति देशपांडे ने प्रोड्यूस किया है।